खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C
सेंसेक्स 75,967.39
निफ्टी 22,945.30
सोना 88,120
चांदी 100,500

मुरादाबाद, गुरुवार 20 फरवरी 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 193 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com
विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper
shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081 21 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### सऊदी अरब में अमेरिका-रूस वार्ता बहुत अच्छी रही: ट्रम्प

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## उत्तराखंड कैबिनेट की राज्य में भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी

# राज्य की संस्कृति और मूल स्वरूप की रक्षक प्रदेश सरकार: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में सशक्त भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है। इस भू-कानून संशोधन विधेयक को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पहले से अस्तित्व में चल रहे भू-कानून में धामी कैबिनेट में कुछ संशोधन करके सख्त प्रावधान किए गए हैं। राज्य में देहरादून और विशेषतौर पर पर्वतीय इलाकों में कृषि भूमि की राज्य के बाहर के लोगों द्वारा खरीद-फरोख्त को देखते हुए एक सशक्त भू-कानून की मांग लगातार उठती रही है। पिछले दिनों भी इसको लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा आवाज उठाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी -शेष पृष्ठ दो पर...



### उत्तराखंड में राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि

**देहरादून।** सीएम धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### नए भू-कानून के प्रमुख प्रावधान!

1- पूर्व सरकार द्वारा 2018 में लागू किए गए प्रावधानों को नए कानून में किया गया समाप्त।

2- हरिद्वार व उधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के 11 अन्य जिलों में राज्य के बाहर के व्यक्ति कृषि बागवानी की भूमि नहीं खरीद पाएंगे।

3- पहाड़ी इलाकों में भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और अतिक्रमण रोकने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती की जाएगी।

4- जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से भूमि खरीद की अनुमति नहीं दे पाएंगे।

5- जमीन खरीद के लिए पोर्टल बनाया जाएगा, ऑनलाइन पोर्टल से होगी भूमि खरीद की निगरानी।

6- बाहरी लोगों को जमीन खरीदने के लिए शपथ पत्र देना -शेष पृष्ठ दो पर...

# सियासी स्वार्थ को सनातन व भारत को बदनाम न करे विपक्ष : योगी

**लखनऊ, वार्ता**



महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर मिथ्या प्रलाप का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए पुरातन सनातन संस्कृति और भारत को बदनाम न करे।

योगी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि आप भारत को क्यों बदनाम कर रहे हैं। मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य 'हमारा देश कभी विकसित भारत नहीं बन सकता' को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखबार में छपी एक खबर दिखाई और बोले कि एक राजनीतिक दल अपने देश के प्रति इतनी दुर्भावना रखता है। अब तो लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी है। यह गारंटी उपचुनाव ने दे दी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शालीनता व मर्यादा से अपनी बात रखिए, लेकिन जीवित लोगों को मृतक न बताइए।

### बालाघाट में पुलिस मुठभेड़, चार महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट/भोपाल।** मध्य प्रदेश के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के जंगल में बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से काफी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री मिली है। राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार महिला नक्सली मारी गई हैं। जंगल क्षेत्र में बुधवार को दिन में काफी देर तक मुठभेड़ चली। चार महिला नक्सलियों के शव बुधवार को दोपहर तक पुलिस को मिल चुके हैं। इस बीच सीएम डा. मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सलियों के सफाए का संकल्प लिया है और इसके अनुरूप मध्य प्रदेश में भी कार्रवाई चल रही है। आज के मुठभेड़ स्थल बालाघाट जिले के जंगल से हथियार भी मिले हैं।

### आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

### ज्ञानेश कुमार ने सीईसी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा. विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया। ज्ञानेश कुमार भारत के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल मंगलवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञानेश कुमार का निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पर निर्वाचन आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई जिम्मेदारी संभालने के बाद एक संक्षिप्त संदेश में नागरिकों विशेषकर युवा नागरिकों के लिए कहा कि उन्हें मतदान की जिम्मेदारी जरूर निभानी चाहिए।

# बड़े वकील के नाम पर सुनवाई स्थगित नहीं करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता को फटकार लगाते हुए दी नसीहत

**नई दिल्ली, वार्ता**



- शीर्ष अदालत ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान की तल्ख टिप्पणी
- सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की, क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे, तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई को चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई में शामिल होंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे, तो सुनवाई में शामिल होंगे।

इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे, क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी, क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था।इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।

### श्रीशैलम मंदिर मामले में आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम मंदिर के बाहर गैर-हिंदुओं को दुकान खोलने व चलाने के आवेदन पर रोक के मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रोक लगाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाजार के नवीनीकरण और संचालन के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति को बहाल रखा। जस्टिस अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने श्रीशैलम मंदिर की दुकानों के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमें इस बात की गारंटी चाहिए कि आप इस सरकारी आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार का आदेश गैर-हिंदुओं को मंदिर के पास दुकानों के लिए आवेदन करने और किए गए आवेदनों पर विचार किए जाने से रोकता है। ऐसे में फिलहाल के लिए यह उचित होगा कि इस पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि कोर्ट हमें अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा। अब मुख्य मामले की सुनवाई की अगली तारीख पर ही इस अर्जी पर भी सुनवाई होगी।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम

## रामलीला मैदान में आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। रामलीला मैदान में (आज) गुरुवार 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था। बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया गया। इससे पहले बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थित में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है।



- भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में विधायक दल की नेता का चुनाव किया गया

### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता, कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को चुन लिया। पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से विजयी हुई भाजपा दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में प्रवेश वर्मा, विजयेन्द्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई भी उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया। बाद में रेखा गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विधायकों एवं दिल्ली की जनता के प्रति आभार प्रकट किया।

### पढ़ाई-लिखाई के दौर में ही राजनीति से जुड़ गई थी शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई। रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही आरएसएस के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कालेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ - शेष पृष्ठ दो पर...

# यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व अफसर की सजा बरकरार

**मुंबई, वार्ता**

- बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- बच्ची बैड टच समझती थी, सैन्य अदालत ने सुनाई थी पांच साल की सजा

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल की पांच साल की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट के अनुसार पीड़ित को बैड टच की पूरी समझ थी। मामला 11 साल की बच्ची के यौन शोषण से जुड़ा है। इसमें सैन्य अदालत ने दोषी को 5 साल की सजा सुनाई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार घटना फरवरी 2020 में हुई थी। अफसर ने एक हवलदार और बच्चों को मिलने बुलाया था। हवलदार अपनी बेटी और बेटे के साथ अधिकारी से मिलने उनके कमरे में गए थे। जैसे ही बच्ची के पिता कमरे से बाहर गए, तो अफसर ने बदसलूकी की। इसके बाद बच्ची ने तुरंत अपने पिता को फोन करके घटना के बारे में बताया। बच्ची के बयान पर शिकायत दर्ज कराई गई। नाबालिग ने अपने पिता को अफसर की बदसलूकी के बारे में जानकारी दी। मार्च 2021 में सेना के जनरल कोर्ट मार्शल ने पूर्व अधिकारी को नाबालिग लड़की पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल में पांच साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी ने जनवरी 2024 में एफटी के फैसले को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पूर्व अधिकारी ने अपनी दलील में कहा कि मेरा कोई गलत इरादा नहीं था।

# मुडा मामले में सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट

**बंगलूरू।** मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है।

लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितम्बर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितम्बर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके।

# भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग रद्द

## ट्रम्प बोले- भारत एक समृद्ध देश है, इसे इस तरह की सहायता की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



- अमेरिकी एसईसी ने गौतम अडानी रिश्वत मामले में भारत से मांगा सहयोग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को मतदान के लिए दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग को रद्द करने का फैसला किया है।

ट्रम्प ने इस फंडिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे व्यापार में दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें वहां व्यापार करने में मुश्किल होती है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए इतनी बड़ी राशि क्यों देना। यह निर्णय ट्रम्प प्रशासन द्वारा स्थापित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के हालिया फैसलों में से एक है, जिसने अपने बजट पुनर्गठन के तहत विदेशी सहायता में 72.3 करोड़ डॉलर की कटौती की घोषणा की है। अमेरिका ने भारत के अलावा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए 2.9 करोड़ डॉलर का अनुदान और नेपाल में राजकोषीय संघवाद और जैव विविधता संरक्षण के लिए 3.9 करोड़ डॉलर के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने स्पष्ट किया कि इन सभी कटौतियों का उद्देश्य गैर-जरूरी खर्चों को कम करना और सरकारी बजट को अधिक कुशल बनाना है। दूसरी ओर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है।



# सफाई कर्मियों ने की नारेबाजी

## संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका में स्थाई व संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सूची सार्वजनिक नहीं करने पर सफाई कर्मचारियों ने पालिका के गेट पर बुधवार को नारेबाजी करते हुए सूची उपलब्ध कराने की मांग की। आरोप है कि कुछ लोगों के नाम आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के रूप में दर्ज है। वह पालिका में आते ही नहीं उनके नाम से पैसा निकाला जा रहा है।

गौरतलब है कि पांच दिन पूर्व उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी संघ की शाखा नहटौर के अध्यक्ष अर्जुन बाल्मीकि ने ईओ को एक पत्र देकर पालिका में स्थाई व संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की थी। आरोप है कि आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों के नाम पर भर्ती कुछ लोग सफाई में न लगाकर कार्यालय में लगा रखे है। इसके अलावा कुछ लोग पालिका आते ही नहीं उनके नाम से सिर्फ पैसा निकाला जा रहा है। शहर की सफाई के लिए कुछ ही लोग लगे हुए है। उनके ऊपर ही सफाई की जिम्मेदारी है। बुधवार को करीब तीन बजे सफाई कर्मचारियों ने सूची उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पालिका के गेट पर नारेबाजी करते हुए सूची शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की।

## लग्न से एक दिन पूर्व युवती प्रेमी संग फरार

**नहटौर।** क्षेत्र के एक गांव में लग्न रिश्ते से एक दिन पूर्व एक युवती अपने प्रेमी संग फरार हो गई। जिसको लेकर लग्न रिश्ते की तैयारियां धरी की धरी रह गई।

क्षेत्र के एक गांव में एक युवती का गांव के ही एक नाबालिग लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है युवती के परिजनों ने उसकी शादी तय कर दी थी और बुधवार को उसके लग्न रिश्ते की तैयारी चल रही थी। बुधवार को उसका लग्न जाना था। इससे पूर्व ही मंगलवार की रात को युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के लापता होने पर उसकी इधर-उधर तलाश की। परिजनों को गांव के ही एक लड़के के साथ युवती के फरार होने का पता चला। इसके बाद युवती के पिता ने पुलिस से शिकायत कर युवती की बरामदगी की की मांग की है। युवती के लग्न रिश्ते की तैयारी उसके फरार होने पर धरी की धरी रह गई।

# कांवड यात्रा की सभी तैयारियां पूरी

## नायब तहसीलदार ने किया कंट्रोल रूम का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नायब तहसीलदार विजय कुमार ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर पालिका कर्मियों को नहटौर कोतवाली मार्ग पर बैरिकेटिंग लगाने के निर्देश दिए तथा कोतवाली मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरे व पालिका में लगे कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही हल्दौर चौराहे की पुलिस चौकी से झालू चौराहे तक डिवाइडर बनाकर वाहनों का आवागमन वन वे किया है।

हरिद्वार से पदयात्रा द्वारा कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए नायब तहसीलदार विजय कुमार ने मंगलवार की देर शाम नहटौर नगर पालिका पहुंच कर पालिका द्वारा की गई तैयारी के बारे में अधिशासी अधिकारी नवनीत सिंह से जानकारी ली। साथ ही नायब तहसीलदार ने हल्दौर चौराहा, झालू चौराहा, चांदपुर चुंगी आदि स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा उक्त मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरे के रखरखाव में चालू होने के बारे में जानकारी ली जिस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया नगर पालिका क्षेत्र में 29 कैमरे लगे हैं। जो 8 कैमरे पूर्व में खराब हो गये थे उन्हें ठीक कर दिया गया है। सभी कैमरों का संचालन मार्गों पर होने वाली गति. विधियों को सीधा बनाया गया कंट्रोल रूम से देखा जा सकेगा ताकि होने वाली समस्या का तत्काल निस्तारण किया जा सकेगा।

उन्होंने हल्दौर चौराहे से लेकर झालू चौराहे तक बैरिकेटिंग लगाकर रूट को वन साइड करने के निर्देश दिए। साथ ही इस मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए लापरवाही बरतने पर कार्रवाई हेतु अधिकारियों को अवगत कराने की चेतावनी दी। साथ ही बुधवार को पालिका कर्मियों ने झालू चौराहे से लेकर हल्दौर चौराहे तक बैरिकेटिंग करके रूट को वन साइड कर दिया गया। अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने बताया कि रूट को वन साइड कर दिया गया है। समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। किसी भी कांवड़ यात्री परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक महिला की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व दानिश पुत्र जाकिर निवासी ग्राम अम्हेड़ा थाना हल्दौर के साथ हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही महिला का पति महिला को घर पर अकेला छोड़कर महाराष्ट्र में नौकरी करने चला गया। महिला को अकेला पाकर उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। ससुराल पक्ष के लोग महिला से पैसे की डिमांड करने लगे। महिला का आरोप है कि बीती 23 जनवरी को उसके ससुराल के लोग रात के समय में उसके कमरे में घुस गए और उसके साथ अश्लील हरकत का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला के साथ मारपीट करते हुए उसे घर से निकाल दिया। घर से निकाले जाने के बाद महिला अपने मायके पहुंच गई जहां उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। महिला ने बताया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा उसे दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। उसके ससुर व दो जेठ ने एक दिन उसके साथ अश्लील हरकत का प्रयास किया परंतु उसके कड़े विरोध के कारण आरोपी अपने मंसूबों में सफल नहीं हो सके। पीड़िता महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी का कहना है कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# आरएसएम कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता

## नशा मुक्ति की शपथ दिलाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय की रासेयो छात्र इकाई द्वारा ग्राम पीपला में संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिवस नशा उन्मूलन और आपदा प्रबंधन थीम पर आधारित रहा।

प्रात: काल में सभी स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। स्वयंसेवक अमन कार्तिक द्वारा अन्य सभी स्वयंसेवकों को विभिन्न योगासन जैसे - भुजंगासन, ताड़ासन, मत्स्यासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने योग के लाभों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया और योग को प्रतिदिन अपनी दिनचर्या में शामिल करने हेतु प्रेरित किया। तदुपरांत आज द्वितीय दिवस के थीम नशा उन्मूलन पर डॉ. अनिल यादव ने स्वयंसेवकों को बताया कि नशा बर्बादी का एक मुख्य कारण है, जो युवाओं के जीवन के साथ-साथ राष्ट्र को भी विनाश की ओर निरंतर अग्रसर करता है। तत्पश्चात नशा मुक्ति विषय पर आधारित स्वयंसेवकों के मध्य एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रीत कुमार चौहान ने प्रथम, लोकेश बाबू ने द्वितीय तथा फैजान अली और मोहित शुक्ला ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें निर्णायक मंडल में प्रो. शोराज सिंह, डॉ. अनिल यादव एवं डॉ. देवेश पाठक उपस्थित रहे। तदुपरांत स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति हेतु ग्राम पीपला में "जन जन ने यह ठाना है, भारत को नशा मुक्त बनाना है", "हम सब का है एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा" आदि नारों के साथ रैली निकालकर समाज को जागरूक किया । रैली के पश्चात विद्यालय परिसर में लौटकर आने पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. शोराज सिंह द्वारा सभी स्वयंसेवकों को जीवन में कभी भी नशा न करने की शपथ ग्रहण कराई। लंच के बाद आपदा प्रबंधन के बौद्धिक सत्र में संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवक एवं आपदा मित्र लवी मंसूरी और फैजान अली द्वारा अन्य सभी स्वयंसेवकों को प्राकृतिक आपदा एवं मानव जनित आपदा के बारे में अवगत कराया। साथ ही विभिन्न आपदाओं से बचने हेतु आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से वर्णन किया। प्रो. शोराज सिंह ने पूर्व में घटित भयानक मानव जनित आपदा "भोपाल कांड" के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। संगोष्ठी में प्रो. शोराज सिंह, डॉ. देवेश पाठक डॉ. जी. के. तिवारी, डॉ. आदित्य कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# वन कर्मियों पर लकड़ी चोरों ने किया हमला

## आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** साहूवाला वन क्षेत्र से बाइक पर लकड़ी काटकर ले जा रहे लकड़ी चोरों को पकड़ने पहुँचे वनकर्मियों पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। वन कर्मियों ने मौके से भागकर जान बचाई। वनकर्मियों ने आठ लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार साहूवाला वन रेंज में तैनात वनरक्षक विक्रांत कुमार व आकाश कुमार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्हें मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो व्यक्ति आरक्षित वन क्षेत्र से चोरी से लकड़ी काटकर बाइक पर लादकर ले जा रहे हैं। सूचना पर वनकर्मियों ने क्षेत्र के गांव चंपतपुर चकला के नजदीक लकड़ी चोरों को घेर लिया। इसी दौरान एक व्यक्ति की बाइक वहां खड़े पोल से टकरा गई। आनन फानन में अन्य लोग भी वहां इकट्ठा हो गए और वनकर्मियों के साथ हाथापाई करने लगे। आरोप है कि हाथापाई में वनकर्मियों की बेल्ट का हुक भी टूट गया और आरोपियों ने वनकर्मियों की बाइक की चाबी भी निकाल ली। वनकर्मियों ने दूसरी बाईक से भागने का प्रयास तो वहां पर मौजूद लोगों ने उन पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। पत्थर उनकी कमर व हाथ में लगे। वनकर्मी जान बचाने के लिए मौके से बाइक पर बैठकर भाग निकले। लोगों ने काफी दूर तक वन कर्मियों का पीछा किया और पत्थर फेंकते रहे।

वनकर्मियों ने संदीप सिंह, बलदेव सिंह, आकाश सिंह, रणजीत सिंह, भजन सिंह, छिंदर सिंह, सरनजीत सिंह व बलविंदर उर्फ बिल्ला निवासीगण ग्राम मधपुरी थाना बढ़ापुर के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि वन विभाग की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अग्रिम कार्यवाई की जा रही है।

# अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू होने से खुशी

## एक-दूसरे को खिलाई मिठाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कालाखेड़ी मार्ग स्थित रेलवे फाटक के अंडरपास की वर्षों से चली आ रही मांग के संदर्भ में अंडरपास के लिए भूमि पूजन होने पर कालाखेड़ी रेलवे फाटक के पास स्थित आजाद कॉलोनी में खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलोनी वासियों ने जब यह खबर सुनी तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, सभी कॉलोनी वासियों ने अंडरपास के लिए खुशी का इजहार करते हुए कालाखेड़ी फाटक संख्या 470 बी पर पहुंचकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

मिली जानकारी के अनुसार कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अंडरपास बनाए जाने की स्थानीय लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब धरातल पर साकार होती नजर आ रही है। करीब साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंडरपास के कार्य का विधिवत भूमि पूजन हुआ है। ग्राम कालाखेड़ी मार्ग पर रेलवे का एक फाटक स्थित है। जम्मू- हावड़ा रेलवे के इस मुख्य मार्ग पर दिन भर करीब 80 से 100 ट्रेन निकलती है, जिससे इस फाटक के बार-बार बंद होने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। कई बार मालगाड़ी को लूप लाइन पर रेलवे द्वारा खड़ा कर दिए जाने के चलते यह फाटक कई-कई दिन तक भी बंद रहता है।

सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं व महिलाओं को होती है, जिन्हें जान जोखिम में डालकर कई बार मालगाड़ी व फाटक के नीचे से निकलकर अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ता है। वर्षों से स्थानीय लोग इस रेलवे फाटक पर अंडर पास बनाए जाने की मांग करते आ रहे थे।

रेलवे नजीबाबाद के एडीईएन दिनेश शर्मा ने बताया कि अभी कुछ दिन पूर्व लखनऊ की कंपनी को साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले अंडरपास बनाने के लिए टेंडर हुआ है। कंपनी को छह माह के भीतर कार्य पूरा करने का समय दिया गया है, जिसका विधिवत भूमि पूजन का कार्य कंपनी के ठेकेदारों द्वारा किया गया है, जिसकी सूचना रेलवे के अधिकारियों को भी नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि अंडरपास बनने के बाद कालाखेड़ी का फाटक पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा।

ज्ञात हो कि 4 मार्च 2023 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव नगीना पहुंचे थे, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के द्वारा मांग पत्र रेल मंत्री को सौंपकर कालाखेड़ी फाटक पर अंडर पास बनाने के लिए भी एक मांग रखी गई थी। इस मांग को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा पुरजोर तरीके से रेल मंत्री जी के समक्ष रखा गया था, जिसकी केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होने की खुशी में आजाद कॉलोनी वासियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार व्यक्त किया। साथ ही कॉलोनी वासियों ने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम में उमेश चंद शर्मा, पंडित सचिन शर्मा, सुनील सैनी, देवराज सैनी, डॉ. संजय शर्मा, आमोद शुक्ला, अमित चौहान, सोमपाल फौजी, मुकंदी सिंह, भूपेंद्र चौहान, अनिल मुंशी, एडवोकेट अनिल शर्मा, मोनू, कुलदीप तोमर आदि उपस्थित रहे।

## शब-ए-बरात के गुजरते ही रमजान की तैयारी शुरू

**बिजनौर।** शब-ए-बरात बीत जाने के बाद मुकद्दस माह रमजान की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस माह में नमाजियों की संख्या बढ़ जाने को देखते हुए मस्जिदों में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। धुलाई और रंग रोगने के बाद मस्जिदें नमाजियों के इस्तकाल के लिए तैयार हो गई हैं। इस वर्ष रमजान का पहला रोजा पहली मार्च को होने की संभावना है। इसी के मद्देनजर तमाम तैयारियां शुरू कर दी गई है। बाजार में खरीदारों की तादाद भी दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी है। जिला मुख्यालय पर लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में भी खरीदार काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। फल बाजारों में भी खरीदारों की रौनक बढ़ गई है। विशेष रूप से रोजा खोलने वाली मेवा खजूरों की विभिन्न ब्रांड ठेलियों पर सज गए हैं। इसी के साथ घी, तेल, मैदा, बेसन आदि की बिक्री भी बढ़ गई है। विदित हो कि रमजान माह में घरों में विभिन्न पकवान तैयार किए जाते हैं, जिन्हें राजेदार इफ्तार के वक्त बड़े शौक से खाते हैं। कुल मिलाकर घरों और घरों के बाहर भी रमजान की चहल-पहल शुरू हो गई है। नमाज ए तरावीह में मस्जिदों में कुरआन सुनाने वाले हाफिजों ने भी खुद को तैयार कर लिया है।

# होली चाइल्ड में मॉडल्स की प्रदर्शनी

## चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने छात्रों की प्रतिभा को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में एक भव्य प्रदर्शनी विज्ञान और कला के विषयों को लेकर आयोजित की गई, जो विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कुशलता का अद्वितीय उदाहरण बनकर सामने आई।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम ने किया, जिनके साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य चंद्राकली सिंह और स्कूल समन्वयक रिंकी जैन भी उपस्थित थीं। प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों ने अपने विभिन्न विज्ञान मॉडल और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और विज्ञान की अन्य महत्वपूर्ण खोजों पर आधारित मॉडल शामिल थे। इसके साथ ही कला क्षेत्र में भी छात्रों ने रंग-बिरंगे चित्र, मूर्तियां और अन्य कलाकृतियों का अद्वितीय संग्रह प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि ताहिरा बेगम ने विद्यार्थियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की रचनात्मकता को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समन्वयक रिंकी जैन ने भी आयोजन की सफलता में शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्रों के योगदान को विशेष रूप से सराहा।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## मंडावर की महिला का शव नजीबाबाद में पुल के नीचे मिला

**नजीबाबाद।** नगर के डबल फाटक स्थित फ्लाईओवर के नीचे एक अधेड़ उम्र की महिला का शव पड़ा मिला। महिला का शव मिलन की खबर लगते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर काफी लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौजूद लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। लोगों ने बताया कि उक्त महिला एवं फ्लाईओवर के नीचे बैठती थी। बाद में महिला की शिनाख्त 40 वर्षीय सलमा निवासी ग्राम खिरनी थाना मंडावर के रूप में हुई। महिला के परिजनों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस से कोई कार्रवाई न करने का अनुरोध किया। जिसके बाद पुलिस ने महिला का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्य की संस्कृति...**

दे दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

**नए भू-कानून के...**

अनिवार्य, जिससे फर्जीवाड़ा-अनियमितताओं को रोका जा सके।

7- जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

8- नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा।

9- यदि किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया, तो वह जमीन सरकार में निहित हो जाएगी।

**पढ़ाई-लिखाई के...**

का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। जहां 2015 में उन्हें आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से हराया, तो वहीं 2020 में उनकी हार का अंतर 3400 वोट के करीब था। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

# संगम के पानी पर केंद्र-यूपी में टकराव

## पानी में प्रदूषण पर केंद्र से अलग राज्य की रिपोर्ट

**लखनऊ।** सीपीसीबी ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए एनजीटी को बताया कि महाकुंभ के दौरान कई स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर नहाने के लिए शुरुआती जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। अपशिष्ट जल संदूषण के सूचक फेकल कोलीफॉर्म की स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 एमएल है।एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की बेंच प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में अपशिष्ट जल के बहाव को रोकने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। महाकुंभ के पानी को लेकर केंद्रीय और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट एक-दूसरे से विपरीत आई है। मामले पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में बुधवार को सुनवाई शुरू हुई, जिसमें यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के लिए समय मांगा है। एनजीटी में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर अध्ययन के लिए अधिक समय की मांग की है। यूपी सरकार ने एनजीटी को बताया कि वो सीपीसीबी की रिपोर्ट की जांच करेगी। मामले पर अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पहले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी रिपोर्ट में दावा करते हुए था कि नदियों का पानी नहाने योग्य नहीं है। हालांकि यूपीपीसीबी ने पलटवार करते हुए कहा कि दोनों नदियों (गंगा और यमुना) का जल प्रदूषण नियंत्रण मानकों के मुताबिक है। एनजीटी ने यूपीपीसीबी को केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट पर गौर कर नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट के उलट अपनी रिपोर्ट में कहा कि संगम का पानी नहाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। नालों के माध्यम से कोई भी प्रदूषित सीवेज सीधे गंगा नदी या यमुना नदी में नहीं छोड़ा जा रहा है। यूपीपीसीबी ने कहा कि गंगा और यमुना नदी पर 6 प्वाइंटस पर नदी के पानी नहाने के लिए उपयुक्त है, जबकि शास्त्री ब्रिज के पास बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और फिकल कालीफॉर्म के आंकड़ों में मामूली वृद्धि हुई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बेटी की कातिल शिवानी को आजीवन कारावास

## धामपुर के गजेन्द्र को पांच वर्ष की कैद व लाखों का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे/एफटीसी सैकेंड ने अपनी बेटी की बेदर्दी से हत्या करने वाली शिवानी को आजीवन कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी अंकित कुमार पुत्र शेषराज सिंह निवासी ग्राम औरंगपुर भिक्कू ने थाना मंडावली में 26 नवम्बर 2022 को तहरीर दी थी कि उनकी पत्नी शिवानी रानी ने घरेलू कलेह के चलते अपनी बेटी दृष्टि (डेढ़ वर्ष) की नाक व गला दबा कर हत्या कर दी। इस संबंध में मण्डावली पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 249/22 धारा 302 आईपीसी में पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद मण्डावली पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय एडीजे एफटीसी सैकेंड ने अभियुक्ता शिवानी रानी पुत्री नरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम लालपुर मान, थाना नांगल को आजीवन कारावास एवं बीस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

बताया जाता है कि शिवानी की इससे पूर्व ग्राम छाछरी, थाना हीमपुर दीपा में भी शादी हुई थी। वहां पर भी उसके छह माह के पुत्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। जिसका लड़की पक्ष ने पैसा लेकर फैसला कर लिया था।

एक अन्य मामले में न्यायालय एडीजे पॉक्सो अधिनियम ने धामपुर के ग्राम मिलक पूरनपुर निवासी गजेन्द्र उर्फ चोटी पुत्र दिनेश कुमार को धारा 307, 354, 504 व 506 आईपीसी सहित आठ पॉक्सो एक्ट एवं 3/5 आयुद्ध अधिनियम में पांच वर्ष के कारावास एवं एक लाख दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। वादी ने 28 अक्टूबर 2022 को धामपुर थाने में तहरीर दी थी कि अभियुक्त गजेन्द्र ने उनकी पुत्री को तमंचे से गोली मार दी। पुलिस ने धारा 307 में रिपोर्ट दर्ज की थी। बाद में अभियुक्त गजेन्द्र को हथियार सहित गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद धामपुर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था।

# प्यार में नाकाम युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** प्यार में नाकाम होकर युवक ने बन्द पड़े एक मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पड़ोसियों ने युवक को नीचे उतार कर सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार फैजान शाह (22 वर्ष) पुत्र कमर अली शाह निवासी महेशपुरा काशीपुर, उत्तराखंड लगभग 15 दिन पूर्व अपनी खाला के घर रिश्तेदारी में नगर के मौहल्ला डूडा कॉलोनी आया हुआ था। वहीं रहते हुए युवक को किसी लड़की से प्रेम हो गया। कॉलोनी वासियों ने बताया कि आज दोपहर को फैजान ने पहले तो कॉलोनी में स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर आत्महत्या का प्रयास किया, तो शोर-शराबा कर कॉलोनी वासियों ने उसको टंकी से नीचे उतार दिया। लेकिन युवती के प्रेम में पागल युवक ने कुछ समय बाद ही कॉलोनी के बंद पड़े मकान के एक कमरे में गले में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों ने मकान का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर सर्वेश निराला ने युवक फैजान को मृत घोषित कर दिया। युवक ने दो दिन पूर्व भी अपने दोनों हाथों की नसों को ब्लैड से काटकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उसके दोनों हाथों पर ब्लैड से कटे हुए निशान मौजूद थे। सूचना मिलने पर सीएचसी पहुंचे। थानाध्यक्ष सुमित राठी व कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीएचसी पहुंचे मृत फैजान शाह की मां और उसके भाई का रो-रो कर बुरा हाल था।

# डीएम के आदेश पर कब्र से शव को बाहर निकाला

## चार माह पूर्व हुई थी विवाहिता की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम नाबका में चार माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई विवाहिता की मौत के कारण पिता की तहरीर पर डीएम के आदेश अनुसार पुलिस ने कब्र खोदकर शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या की आशंका व्यक्त की थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना व कस्बा शेरकोट के मौहल्ला काजी सराय निवासी सईद अहमद ने बताया कि उसने अपनी बेटी शाहिस्ता परवीन की शादी सन् 2013 में अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हीरा. पुर गोकल उर्फ नाबका निवासी नाजिम पुत्र यामीन के साथ की थी। बीते 26 अक्टूबर 2024 को लगभग चार माह पूर्व उसकी पुत्री शाइस्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के पिता ने अपनी पुत्री की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक के माध्यम से डीएम को तहरीर देकर शव को कब्र से निकालकर जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर आज शाम डीएम के आदेश पर नायब तहस. ीलदार कपिल कुमार आजाद, थाना अध्यक्ष सुमित राठी, एसएसआई श्रीपाल सिंह, कासमपुर गढ़ी चौकी प्रभारी यशपाल सिंह मलिक, लेखपाल प्रमोद कुमार की निगरानी में ग्राम नवका के कब्रिस्तान में कब्र को खोदकर विवाहित महिला शाइस्ता परवीन के शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

इस मौके पर जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान मुस्तकीम मलिक आदि सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

# छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई



**हल्दौर।** नगर के फकीरचंद सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर उ. मा. विद्यालय में छत्रपति शिवाजी एवं माधव राव सदाशिव राव गोलबलकर की जयंती बड़ी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने छत्रपति शिवाजी व माधव राव सदाशिव राव गोलबलकर के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन किया। तत्पश्चात सुनैना राज चौहान, प्रीत, प्रगति, कसक, जानवी, भूमिका, पंचवल, कृष्ण चौहान आदि ने उक्त दोनों महापुरुषों से संबंधित अनेक घटनाएं प्रस्तुत की। जयंती के प्रमुख राजीव कुमार व प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने गागर में सागर भरते हुए संबंधित अनेक प्रेरक प्रसंग एवं घटनाएं प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन छात्र संसद के सेनापति राज चौहान ने किया।

# जुल्फुकार कुरैशी को नूरपुर की कमान

## रिकार्ड पांचवीं बार बने सपा के नगर अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन द्वारा जुल्फुकार कुरैशी को पांचवीं बार नगर अध्यक्ष व शेख शाकिर को ब्लाक अध्यक्ष बनाने पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जुल्फुकार कुरैशी समाजवादी पार्टी के पुराने एवं वफादार नेता है। उनकी गिनती जनपद के जमीन से जुड़े हुए सपा नेताओं में होती है। उन्होंने हमेशा सपा के विभिन्न कार्यक्रमों व आंदोलनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। वह कार्यकर्ताओं की हमेशा से पहली पसंद रहे हैं। गुटबाजी से वह बहुत दूर है। उनके नगर अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। सपा जिलाध्यक्ष शेख जाकिर ने नगर की कार्यकारिणी एक सप्ताह में बनाकर जिला कार्यालय पर जमा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का काम करें। हर एक कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों के बारे में डोर टू डोर जाकर पार्टी को मजबूत करने का काम करें। सपा का हर एक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। इस मौके पर सलीम इदरीसी आदि ने जुल्फुकार कुरैशी का स्वागत किया।

## एक नजर

### पौटा में प्रधान पद के लिए हुआ मतदान



**राजा का ताजपुर।** नूरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत पौटा में ग्राम प्रधान पद के उपचुनाव में पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। बीच-बीच में समर्थक बहस करते नजर आए। ग्राम पंचायत में दो हजार से ज्यादा वोट है। पूर्व ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह चौहान की हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। उनकी मौत होने के बाद ग्राम पंचायत पौटा की ग्राम प्रधानी की सीट खाली हो गई थी। ग्राम प्रधान अर्जुन चौहान की मौत के बाद ग्राम में उपचुनाव की सरगर्मी तेजी से शुरू हो गई थी। चुनाव में ग्राम प्रधानी के दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। जिसमें देवदत्त रघुवंशी व कपिल कुमार चुनाव मैदान में अपनी किस्मत को आजमा रहे थे। ग्राम प्रधानी की वोटिंग सुबह आठ बजे शुरू हुई। शाम पांच बजे तक वोटिंग होती रही। सुबह से ही वोट डालने के लिए महीलाओं की लम्बी-लम्बी कतारें लगी हुई थी। दोनों प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों को वोट डालने के लिए रिझाने में लगे हुए थे। देर शाम तक 58 प्रतिशत वोटिंग हुई। वोट डालने को वोटर्स में उत्साह दिखाई दे रहा था। एक-दूसरे के समर्थकों में वोट डालने को लेकर हल्की-फुल्की सी झड़पे होती दिखाई दी। ग्राम पौटा का ग्राम प्रधानी का उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से भारी सुरक्षा के बीच संपन्न हुआ। ग्राम प्रधानी के उपचुनाव को लेकर ग्राम में सुरक्षा के सख्त इंतजाम थे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना जारी



**बिजनौर।** दस वें दिन मंगलवार को भी भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन नजीबाबाद तहसील प्रांगण में जारी है। जिसका नेतृत्व अवनीश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष। संचालन रंधावा ने किया। किसानों की समस्याओं पर लेकर जालपुर बिजली घर शीघ्र बनाया जाए। नांगल भागुवाला नहर मार्ग शेरपुर अभी पूरा चमराला तक पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क बनवाया जाए। परमिट होने के बाद भी वन विभाग राजगढ़ रेंज पशु चराने नहीं देता। एनएचआई द्वारा कल्हेड़ी उतार-चढ़ाव का रास्ता दिया जाए। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करा रहे। किसानों की जमीन पैमाइश कराई जाए। मुकेश कुमार कानूगो को भ्रष्टाचार में लिप्त है। जिस पर कानूनी कार्यवाही की जाए और तहसील से हटाया जाए। चीनी मिलों पर छापामारी की जाए। घटतौली की जांच की जाए। धरना स्थल प्रवक्ताओं ने कहा कि भ्रष्ट कर्मचारियों को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर चल रहा है। रात दिन खनन हो रहे हैं। डंपरों से, मशीनों से, गन्ना मूल्य में कोई वृद्धि ना कर के सरकार ने जाहिर कर दिया। किसान विरोधी है। तहसील प्रांगण में दस वें दिन भी धरना जारी है। ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार प्रांतीय नेता अजय कुमार, महेंद्र सिंह मंडल उपाध्यक्ष, वीरेश राणा, अर्जेंद्र, विनीत, सूरज, पप्पू, बिजेंद्र, अजीत, सत्यपाल, ऋषभ, अनिल, शगुन, शमशाद आदि किसान मौजूद रहे।

### महायोजना के सम्बंध में बैठक

**बिजनौर।** डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत सरकार की अमृत योजना 2.0 के अन्तर्गत 50 हजार से अधिक जनसंख्या वाले नगरों की जीआईएस आधारित महायोजनाएं के क्रियान्वयन सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा भारत सरकार की अमृत योजना-2.0 के अन्तर्गत भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित जनपद बिनजौर के विनियमित क्षेत्रों, यथा बिजनौर, नजीबाबाद, धामपुर, नगीना व चान्दपुर की महायोजना तैयार किये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विकास प्राधिकरण गठित किये जाने विषयक के संदर्भ में निकायों व राजस्व ग्रामों में सम्मिलित प्रस्तावों एवं कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की विनियमित क्षेत्रों के अन्तर्गत प्रस्तुत प्रस्तावों, अपीलों एवं अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, संबंधित अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ मनाया विदाई समारोह

## छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील क्षेत्र के आशा देवी त्रिलोक चंद इंटर कालेज में कक्षा 11 की छात्राओं ने अपने सीनियर कक्षा 12 की छात्राओं को भावभीनी विदाई दी। विदाई कर्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा कक्षा 12 की छात्राओं ने विद्यालय के प्रधानाचार्य व प्रबंधिका को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व इंटर कॉलेजों में विदाई समारोह के कार्यक्रम आयोजित किए जाने की परंपरा के अंतर्गत नगीना, रायपुर मार्ग स्थित यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त आशा देवी त्रिलोक चन्द इंटर कॉलेज हरगनपुर में कक्षा 11 की छात्राओं ने अपने सीनियर कक्षा 12 की छात्राओं को भावभीनी विदाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बृजपाल सिंह, विद्यालय प्रबंधिका श्रीमति सुनीता चौहान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती वंदना नन्दनी, कनिका, सलौनी, चांदनी, अवंतिका, सायबा ने प्रस्तुत की तथा कार्यक्रम की कड़ियों में मिक्स सॉन्ग, एकल नृत्य, ग्रुप नृत्य, जलवा सॉन्ग, देश भक्ति नृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में अंशिका, शायमा, आयुषी, सादिया, वंशिका, कशिश, वैष्णवी लक्षिका, अनामिका, केयकसा, प्रिया, निशा, पूजा, अंशिका, शिल्पी, निहारिका, वंशिका, जीतकौर, अर्पिता, हनी, रिया, आंचल, मोनी, प्रियांशी सहित दर्जनों छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाह वाही लूटी तथा बीच-बीच में तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यालय भवन गूंजा। विद्यालय के अध्यापक द्विज कुमार ने शेरो शायरी के माध्यम से छात्राओं को सामाजिकता के सम्बंध में सीख देते हुए अपने माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन करने की शिक्षा दी। छोटी बच्ची कु. नैना के नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा 12 की छात्राओं ने विद्यालय के प्रधानाचार्य व प्रबंधिका को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए विदाई ली।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्याल की मैडम वैशाली अग्रवाल, पारुल राजपूत, भूमिका, गीता राजप. ूत, गरिमा, कु. रानी, शिवानी, काजल, अर्चना, सोनी, ऑकत, लौकेन्द्र सिंह, आशीष कुमार, अरुण कुमार, अमित कुमार, द्विज कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बृजपाल सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के स्टाफ की भी सराहना की।

# हरिद्वार से कांवड़ियों का गंगाजल लेकर आने का सिलसिला शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** महाशिवरात्रि पर शिवभक्त कांवड़ियों का देवभूमि हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है।

कांवडतियों के आगमन के कारण महा शिवरात्रि से 10 दिन पूर्व से ही नगर भोले के जयकारों से गुंजायमान होने लगा है। उधर पुलिस प्रशासन ने महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न कराने व कांवड़तियों की सुरक्षा के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है। महाशिवरात्रि के अवसर पर देवभूमि हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर कांवडतियों के जत्थे अपने गंतव्य टनकपुर, नैनीताल, दमुआ, हल्द्वानी, बरेली, पीलीभीत की ओर जाने वाले शिव भक्त भोले के जयकारों के उद्घोष के साथ नगीना के मुख्य मार्गों श्रीकृष्ण गौशाला, पहाड़ी दरवाजा, बारादरी, सर्राफा बाजार व बिश्नोई सराय से होते हुए धामपुर मार्ग से गुजरकर जाने लगे हैं जिससे भोले उद्घोष के जयकारों के साथ नगर का वातावरण शिवमय होने लगा है।

शिवभक्त कांवडिये नाचते, गाते, जय भोले, हर हर महादेव के जयकारों के उदघोष के साथ अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करते जा रहे हैं। नगर के मंदिर मुक्तेश्वर नाथ व धामपुर मार्ग पर श्री रामलीला ग्राउंड स्थित मंदिर परिसर में कांवडतियों के विश्राम आदि की व्यवस्था चल रही है।

महाशिवरात्रि का पर्व नगीना में 26 फरवरी को मनाया जाना है। मालूम हो कि महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के हजारों की संख्या में कांवडती हरिद्वार से गंगाजल लाकर यहां बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ के शिवालय में चढ़ाते हैं।

उधर पुलिस प्रशासन ने व्यापक प्रबंध करते हुये महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवडतियों की सुरक्षा के लिए कमर कसनी शुरू कर दी है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत



## पिकअप चालक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पिकअप की चपेट में आकर बाइक सवार युवक सहित पिकअप चालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बताया जाता है नगर के मोहल्ला समना सराय निवासी अमर सिंह का लगभग 20 वर्षीय पुत्र अमित देर शाम बाइक से धामपुर की जा रहा था। जब वह शेरकोट-धामपुर मार्ग स्थित मनोकामना महादेव मंदिर से थोड़ा आगे पहुंचा तो सामने से आ रही पिकअप से उसकी टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहन चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और पिकअप गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने पुलिसकर्मियों की मदद से उन्हें सीएचसी धामपुर भेजा।

बताया जाता है कि चिकित्सकों ने बाइक सवार अमित को मृत घोषित कर दिया। जबकि पिकअप चालक राज पुत्र सतीश निवासी मोहल्ला नौंधना को हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल की गम्भीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया।

# मंडावर में चरम पर नशाखोरी

## नशे की गिरफ्त में आने वाले युवाओं के परिवार बर्बाद



**विशाल पाल**

**मंडावर।** क्षेत्र में नशाखोरी चरम पर हो रही है। जो युवक नशे की गिरफ्त में आ रहा है, उसका पूरा परिवार ही बर्बाद हो रहा है। गंभीर बात यह है कि नशाखोरी के विरूद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए न तो पूर्व की तरह पुलिस प्रशासन के द्वारा आपरेशन सवेरा चलाया जा रहा है और न ही सामाजिक संस्थाएं अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जागरूकता अभियान चला रही है।

सूत्रों का कहना है कि नगर सहित क्षेत्र में नशाखोरी जमकर हो रही है। कोई नशे का इंजेक्शन लगा रहा है, तो कोई नशीले पदार्थों का सेवन कर रहा है। कोई खादर क्षेत्र में तैयार हो रही कच्ची शराब पी रहा है, तो कोई ठेकों से खरीद कर शराब गटक रहा है। क्षेत्र में नशाखोरी काफी ज्यादा बढ़ गई है। गंभीर बात यह है कि नई उम्र के युवक मादक पदार्थों का नशा कर रहे हैं। यह मादक पदार्थ काफी खतरनाक होते है और इनका नशा करने वालों का जीवन बर्बाद हो जाता है। मादक पदार्थों का नशा करने वालों ने अपने ग्रुप बना रखे हैं। यह एकांत जगह में बैठकर नशा करते हैं। इनको देख कर आसानी से अंदाजा लगा लिया जाता है कि इनके द्वारा मादक पदार्थ का नशा किया गया है। इन नशाखोरों के द्वारा कोई काम नहीं किया जाता है। नशा करने के बाद यह खोए-खोए रहते हैं। यह हमेशा एकांत की तलाश में रहते है। जिसका इनके जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। नशाखोरों के परिवार बर्बाद हो रहे है। खासतौर पर जिन नशाखोरों के ऊपर परिवार की जिम्मेदारी होती है और वह नशे के चक्कर में अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पाते है, उनके परिवार के सदस्यों को दूसरों पर निर्भर हो जाना पड़ता है। कई बार ऐसा भी देखा गया है कि नशाखोरों के परिवार की महिलाएं व युवतियां अपने घर का खर्चा चलाने के लिए जिस्म तक बेचने को मजबूर हो जाती है। साथ ही नशाखोरों के द्वारा मादक पदार्थों को खरीदने के लिए अपने घर का सामान तक बेचना पड़ जाता है। इनके द्वारा अपनी सम्पत्तियों को औने-पौने दामों पर ठिकाने लगा दिया जाता है। इनका पूरा परिवार नशाखोरी की सजा भुगतता है।

दूसरी तरफ नशाखोरी के खिलाफ न तो पुलिस प्रशासन गंभीर है और न ही सामाजिक संस्थाएं ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। पूर्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा नशाखोरी के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए आपरेशन सवेरा चलाया गया था। मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों को गिरफ्तार किया जा रहा था। जगह-जगह रैलियां व गोष्ठियां आयोजित की जा रही थीं। लेकिन तत्कालीन एसपी दिनेश कुमार के जाने के बाद पुलिस ने इस अभियान को ठण्डे बस्ते में डाल दिया था। पुलिस मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करती है। अगर पुलिस के द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए, तो काफी हद तक नशाखोरी पर रोक लग सकती है। साथ ही सामाजिक संस्थाओं को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। जो वह वर्तमान में नहीं निभा पा रहे हैं। मण्डावर नगर में समाजसेवियों को आगे आकर नशोखोरी के खिलाफ अभियान चलाते हुए नशा करने वालों को समझाना चाहिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# वार्षिक युवा महोत्सव 'प्रयास' का शुभारंभ

## वर्धमान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वर्धमान कॉलेज में पूर्व की भांति इस वर्ष भी वार्षिक युवा महोत्सव 'प्रयास' का भव्य शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 19, 20 व 21 फरवरी तक चलेगा। आज आयोजन के प्रथम दिन की शुरुआत गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सचिन माहेश्वरी व महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव अर्जुन साहू, प्रबंध समिति के सदस्य बी.के. सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सी. एम. जैन के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सी. एम. जैन ने अपने स्वागत वक्तव्य में सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही कुलपति को वर्धमान कॉलेज की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इसी क्रम में कॉर्डिनेटर डॉ. अंजू बंसल ने प्रयास की रूपरेखा को सभी के सामने रखा। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सचिव, प्रबंध समिति श्रीमान अर्जुन साहू ने प्रयास यूथफेस्ट की कामयाबी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम युवाओं के मनोबल को बढ़ाने में सहायक होता है। छुपी हुई प्रतिभा ऐसे अवसरों पर निखर कर बाहर आती है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कुलपति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने वर्धमान कॉलेज के इस आयोजन को भारतीय संस्कृति के बहुरंगी विशेषताओं के साथ जोड़ा। उन्होंने शैक्षिक कौशल के साथ चरित्र के परिपाक को उत्तम गुण बताया। साथ ही कहा कि मुरादाबाद मंडल में वर्धमान कॉलेज अपनी प्रतिष्ठा व शिक्षकीय उपलब्धि के लिए महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है और आशा है। ऐसे ही प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा। उद्घाटन सत्र के अंत में कन्वीनर प्रो. एस.के. शोन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इसके पश्चात प्रथम दिवस के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें रैम्प वॉक, प्रोडक्ट मार्केटिंग, रंगोली मेकिंग, कूकिंग विदाउट फायर, भाषण प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, बैस्ट आउट ऑफ वेस्ट, पेन्टिंग ऑन द स्पॉट, माइम मिमिक्री एवं मोनोएक्ट, एक्सटेम्पोर आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस अवसर पर प्रयास के को-कनवीनर प्रो. जे.के. विश्वकर्मा, को-कॉर्डिनेटर डॉ. रेशु शर्मा, को-ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. मनीष कुमार गुप्ता के अलावा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकगणों में प्रो. प्रीति खन्ना, प्रो. एस.के. अग्रवाल, प्रो. अलका साहू, प्रो. शशि प्रभा, प्रो. ए.के.एस. राणा, प्रो. आर.के. यादव, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के कॉर्डिनेटर व को-कॉर्डिनेटर, जिन्होंने इन कार्यक्रमों को संपन्न कराया। उनमें प्रो. पूनम शर्मा, डॉ. दिव्या जैन, डॉ. जूही अग्रवाल, डॉ. देवेंद्र कुमार गंग. वार, डॉ. मौ. साबिर, डॉ. सोनल शुक्ल, डॉ. दुर्गा जैन, डॉ. चारुदत्त आर्य, डॉ. रीना प्रताप सिंह, डॉ. सो. निका राठी, डॉ. रेनू चौहान, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. अंशु चौधरी, डॉ. चेतना शाक्य, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. विनीता पांडेय, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. सौरभ अहलावत, श्रीमती अदीबा नाज, सुश्री पारुल, डॉ. करन देशवाल, अचिन्त्य गुप्ता, डॉ. ओ.पी. सिंह आदि उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मंच का सफल संच. ालन प्रयास की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. वैशाली पुनिया द्वारा किया गया।

# आरबीडी में छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में इग्नू स्टडी सेंटर 27140 के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता इग्नू के नोएडा स्थित रीजनल सेंटर की डायरेक्टर डॉ. सिरन मुखर्जी, विशिष्ट वक्ता डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अंजना, प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. शताक्षी चौधरी, महाविद्यालय के स्वयं पोर्टल समिति की समन्वयक डॉ. नीरू, कपिलकांत गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को संबोधित करते हुए इग्नू के पाठ्यक्रमों की महत्ता बताई। उन्होंने बताया कि इग्नू भारत का पहला राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय है, जिसकी डिग्री की उतनी मान्य है जितनी अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालय, राज्य विश्विद्यालय एवं निजी विश्वविद्यालयों से प्राप्त डिग्री की होती है। इसी के साथ उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए समन्वयक डॉ. शताक्षी एवं उनकी समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इसके बाद मुख्य वक्ता ने डॉ. सिरीन ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को इग्नू के विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न रीजनल सेंटर के बारे में बताया एवं इग्नू के कोर्स की फीस, पात्रता एवं परीक्षा संबंधी जानकारी दी। इसी क्रम में विशिष्ट वक्ता डॉ. अंजना ने स्नातक के साथ इग्नू के विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्स के बारे में बताया। उन्होंने इग्नू के ऑनलाइन कोर्स करवाने वाले 'स्वयं', 'ई ज्ञान कोष', 'स्वयं प्रभा', 'ज्ञान वाणी', 'ज्ञान दर्शन', जैसे ऑनलाइन माध्यमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसी के साथ उन्होंने छात्राओं के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. शताक्षी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों से आए छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम में अन्य विभागों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. शताक्षी ने किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में लाइब्रेरियन कु. सरफराज परवीन, श्री कपिलकांत गुप्ता, डॉ. दीपा, डॉ. आस्था, कु. ऋतु सैनी, कु. साक्षी, कु. सीमाब आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# डीएम ने ली कर-करेत्तर सम्बंधी बैठक

## राजस्व वसूली कार्य में प्रगति लाने के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत राजस्व वसूली कार्य में मानक के अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी आज शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में कर-करेत्तर से संबंधित आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली करने के लिए कार्य योजना बनाएं और अपने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वसूली कार्य की समीक्षा करें ताकि प्रति माह मासिक एवं वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष वसूली सम्भव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बापमाट, खनन एवं राज्य कर द्वारा राजस्व वसूली कार्य में मानक के अनुरूप प्रगति न पाए जाने पर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विद्युत, आबकारी, सिंचाई विभाग, वाणिज्यकर, वाहन कर, स्टांप एवं मंडी शुल्क आदि की गहनता से समीक्षा कर लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार सिंह, न्यायिक श्रीमती वान्या सिंह, डिप्टी कलेक्टर हर्ष चावला, डिप्टी कलेक्टर/जिला सूचना अधिकारी आशुतोष जैसवाल सहित सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# नगीना में कांवड़ यात्रा की तैयारी

## सीओ ने किया रूट का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** महाशिवरात्रि के मद्देनजर कांवड़ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। क्षेत्राधिकारी नगीना भरत कुमार ने थाना प्रभारी नगीना तेजपाल सिंह के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने पुरैनी टोल प्लाजा तक विभिन्न मार्गों का दौरा कर निरीक्षण किया और कांवड़ियों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

नगीना पुलिस सर्किल ऑफिसर भरत कुमार ने कहा कि कैंप सड़क से हटकर लगाए जाएं। उन्होंने सड़कों के गड्ढे भरने, ब्रेकर लगाने और रोशनी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके अलावा टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए तथा खराब स्ट्रीट लाइट्स को तुरंत ठीक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ यात्रियों के लिए फुटपाथ ठीक करने, सडक के दोनों तरफ झाडियों को साफ करने और अतिक्रमण द्वारा संकरी हुई सड़कों को चौड़ा करने के लिए कहा। उन्होंने रूट डायवर्जन, बैरिकेटिंग आदि के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि रात में सुरक्षित यात्रा के लिए रिफ्लेक्टर और बैरिकेटस लगाए जाएं। क्षेत्राधिकारी नगीना भरत कुमार ने सुरक्षा दृष्टि से कांवड़ियों को टोली में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कैंप में बिजली, पानी और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।

समाजवादी पार्टी जिंदाबाद!

माननीय अखिलेश यादव जी जिंदाबाद!








समाजवादी पार्टी के पुराने व वफादार एवं साफ-सुथरी छवि रखने वाले नेता

जुल्फुकार कुरैशी

को पांचवीं बार सपा का नूरपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर दिली मुबारकबाद

निवेदक:- समस्त सपा कार्यकर्ता, नूरपुर

## पशुशाला में आग लगने से नुकसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम पर्वतपुर में पशुशाला में आग लगने से हजारों रुपए का सामान जल कर राख हो गया। जबकि परिवार वालों ने पशुशाला में बंधे पशुओं को बचा लिया।

ग्राम पर्वतपुर निवासी धर्मवीर सिंह ने बताया कि उसकी पुत्री ने घर का कचरा इकट्ठा करके उसमें आग लगा दी थी। लेकिन हवा से कुछ चिंगारी उसकी पशुशाला में पहुंच गयी। जिससे पशुशाला में आग लग गई। पशुशाला में तीन पशु, एक भैंस, एक कटिया व कटरा बंधे हुए थे। बड़ी मुश्किल से उन्हें बचाया गया। तेज हवा के कारण आग ने पूरी पशुशाला व घर को चपेट में ले लिया। जिससे पशुशाला व घर में रखा लगभग 40-50 हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया। उसने पुलिस व लेखपाल को सूचना दे दी है, लेकिन मौके पर कोई नहीं पहुंचा है।

## शॉर्ट सर्किट से आग, हजारों का नुकसान

**नजीबाबाद।** जलालाबाद पुलिस चौकी के निकट पर्दे के ब्रैकेट बनाने के गोदाम और मकान में देर रात आग लग गई। अग्निशमन दल तीन गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया।

जलालाबाद पुलिस चौकी के निकट मौहल्ला सेवाराम निवासी मौहम्मद फैसल ने फखरे आलम का किराए पर मकान लिया हुआ है। फैसल पर्दे के ब्रैकेट बनाने का कारोबार करता है। मकान की ऊपरी छत में ब्रैकेट बनाने का गोदाम है। मंगलवार की देर रात अचानक फैजल के किराए के मकान में देर रात्रि लगभग दो बजे आग लग गई। उस समय फैसल और उनका परिवार नजीबाबाद में था।

सूचना मिलने पर अग्निशमन दल प्रभारी केएस जादौन टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। भीषण आग को देखते हुए अग्निशमन प्रभारी ने मोटा महादेव मंडावली और बिजनौर से अग्निशमन की दो अतिरिक्त गाड़ियां घटनास्थल पर बुलाई। अग्निशमन दाल की टीम में शामिल सुधीर कुमार, अरुण त्यागी, अमरनाथ, हिमांशु, नदीम, मौहम्मद असलम ने जान जोखिम में डालकर भयंकर आग को काबू में किया। अग्निकांड में फैसल का लगभग दो लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) बिजनौर**
मूल प्रकीर्ण वाद सं. 12/2025
**परिक्षित चौधरी बनाम स्वाति**

परिक्षित चौधरी पुत्र अंकुल कुमार उम्र 3 वर्ष 6 माह नाबालिग संरक्षिका संगी दादी मां श्रीमति वीरवती पत्नी स्व. घसीटा नि. जाफरपुर आशू, परगना मण्डावर, तहसील व जिला बिजनौर

**बनाम**

1- स्वाति पुत्री घसीटा नि. ग्राम जाफरपुर आशू, परगना मण्डावर, तहसील व जिला बिजनौर।

2- उपासना पुत्री घसीटा पत्नी नवनीत उर्फ नीटू निवासी ग्राम जाफरपुर आशू, परगना मण्डावर, तहसील जिला बिजनौर। हाल निवासी कड़ापुर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर।

3- रूपीका पुत्री घसीटा पत्नी अंकित निवासी ग्राम पथरा परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर।

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 28. 02.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक:- 28.02.2025
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( जू.डि. ) बिजनौर**

## एक नजर

### विधायक निधि से लगी हाई मास्क लाइटें

**नजीबाबाद।** विधायक निधि से ब्लॉक के दर्जनों गांव में धार्मिक स्थलों पर हाई मास्क लाइट लगाई गई हैं। ब्लॉक के 239 धार्मिक स्थल शाम ढ़लते ही हाई मास्क लाइट से जगमगा उठते हैं। विधायक हाजी तसलीम अहमद ने विधायक निधि से ब्लॉक के 239 धार्मिक स्थलों पर हाई मास्क लाइट लगवाई हैं। हाई मास्क लाइट जहां लगाई गईं हैं। उनमें मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि शामिल हैं। विधायक निधि से विश्व प्रसिद्ध जोगीरम्पुरी दरगाह परिसर के मुख्यद्वार, दोएज वाले मंदिर, बारू वाला गुरुद्वारा परिसर, सराय आलम, तिसोतरा, जालपुर, सैदपुरी, धनसीनी सहित अनेक गांवों के मंदिर, मस्जिद परिसर शामिल है।

### कॉलेज में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ




**झालू ।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा विद्यार्थियों के हित कार्यों में लगे हुए हैं और वह हरचंद छात्र एवं छात्राओं के भविष्य को उज्जवल बनाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। इसी संबंध में उन्होंने पीएम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज झालू में उनके निर्देशन में स्थापित स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा छात्राओं को सही करियर का चुनाव करने, जीवन में आत्मनिर्भर बनने और देश का विकास करने के लिए प्रेरित किया। इस स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करने का उद्देश्य सभी विद्यार्थियों को शिक्षा प्रैक्टिकल रूप से दिलाना है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानाचार्य निशान्त कुमार यादव ने छात्राओं को चिन्तन करने व उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती चारु ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया और छात्राओं को नवीन जानकारी प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रजनी श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम में शिक्षिका श्रीमती नेहा, सुमित्रा नंदिनी, राखी चौधरी, पूजा नागर, राजकुमारी, जीनत, दीप्ति अग्रवाल, कैफुलवरा, ऐश्वर्या गौतम, पिंकी, कनिका शर्मा समस्त स्टाफ एवं विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रहीं।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे भाई तसलीम अंसारी ने एक आराजी 69.816 वर्ग मीटर स्थित ग्राम हाजी मौ. पुर उर्फ कोटकादर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर को जरिये बैनामा जिसकी रजिस्ट्री बही न-1 जिल्द संख्या 8501 के पृष्ठ संख्या 81 से 96 तक क्रमांक 304 पर दिनांक 09.01.2025 को हुई है। नाजमा पत्नी तौकीर अहमद निवासी ग्राम हाजी मौ. पुर उर्फ कोटकादर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना को विक्रय कर दी है। जिससे मुझे या मेरे वारिसों को कोई आपत्ति नहीं है। मेरा अथवा मेरे वारिसों को उपरोक्त विक्रयशुदा आराजी से कोई मतलब वास्ता नहीं है। यदि मेरे बाद मेरा कोई वारिस उपरोक्त आराजी पर अपना अधिकार होने का दावा करता है। तो वो निराधार होगा। **मुस्तकीम पुत्र चव्वा अंसारी, ग्राम हाजी मौ. पुर उर्फ कोटकादर, परगना बढ़ापुर, तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र शाहनवाज, महताब, कासिम, नाजिम, सादिक गलत संगत में पड़कर बिगड़ गये है और अनैतिक कार्य में लिप्त है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते है। अपने उपरोक्त पांचों पुत्रों के आचरण व व्यवहार से परेशान होकर मैंने इनसे अपना पारिवारिक ताल्लुक वास्ता खत्म कर दिया है और इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य से मेरा कोई मतलब वास्ता नहीं है।

**-जुल्फकार पुत्र खुदाबख्श, ग्राम धर्मशानंगली, थाना नगीना, जिला बिजनौर**

# टीम घर-घर जाकर खोजेगी कुष्ठ रोगी

## 24 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगा अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने बताया कि कुष्ठ रोग खोजी अभियान 24 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा।

यह कार्यक्रम साल में दो बार 6 माह के अंतर पर चलाया जाता है। यह कार्यक्रम पल्स पोलियो कार्यक्रम की तरह ही चलाया जाएगा, जिसमें टीमें घर-घर जाकर के कुष्ठ रोगियों को खोजेगी और पुष्ट कुष्ठ रोगी होने पर उनका नि:शुल्क इलाज एमडीटी दबाओं द्वारा नि:शुल्क कराया जाएगा। एक टीम में एक महिला और एक पुरुष रहेगा जो घर घर परीक्षण करेंगे। 5 से 6 टीमों पर एक सुपरवाइजर रहेगा जो निरीक्षण कर रोज रिपोर्ट देंगे। 2 साल से नीचे के बच्चों का परीक्षण नहीं किया जाएगा। डॉ. स्नेही ने बताया कि कुष्ठ रोग बहुत ही कम संक्रामक रोग है जो एक बैक्टीरिया एक जीवाणु माइक्रोबेक्टेरियम लेपराई द्वारा फैलने वाला रोग है। ये मुख्य रूप से चमड़ी और तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। यह रोग बहुत धीरे-धीरे बढ़ता है। कुष्ठ रोग किसी भी आयु में स्त्री और पुरुष किसी को भी हो सकता है। कुष्ठ का उपचार एमडीटी दवाओं से होता है । एक से पांच धब्बों का इलाज 6 माह का है और 5 से अधिक धब्बों का इलाज 12 माह का है। कुष्ठ का जल्द और पूरा इलाज आपको विकलांगता से बचा सकता है। कुष्ठ के कारण शरीर में निम्न जटिलताएं पैदा हो जाती हैं। धब्बों में लालिमा, सूजन, तंत्रिकाओं में झनझनाहट, सूजन, दर्द, जोड़ों में दर्द, सूजन, बुखार, आंख में लालपन, रोशनी में कमी, पानी आना, हाथ, पैर आंख की मांसपेशियों में कमजोरी, लकवा, पीलिया, पेट दर्द, छाले, घाव आदि हो सकते हैं। कुष्ठ रोग से आई विकृतियों को ऑपरेशन के द्वारा ठीक किया जा सकता है। कुष्ठ प्रभावित लोगों से भेदभाव बिल्कुल ना करें। कुष्ठ दबाओ से पूरी तरह ठीक हो जाता है

कुष्ठ रोग के विशेषज्ञ मेडिकल कॉलेज बिजनौर में मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रूम नं. 7 में डॉ. रतन सिंह बैठते है। आप लोग वहां जाकर भी नि:शुल्क परामर्श ले सकते हैं। इस दौरान एनएमए शीशराम की इलाहाबाद कुंभ में ड्यूटी होने के कारण उनका काम केपी सिंह द्वारा किया जा रहा है। डॉ. राकेश कुमार, एचएस वीर सिंह, राजेश कुमार, योगेश कुमार, हरीश कुमार और सुपरवाइजर आदि भी उपस्थित रहे।

# छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई

## कार्यक्रम के समापन पर मिष्ठान बांटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** छत्रपति शिवाजी की 395 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने युवाओं का आह्वान किया कि वह छत्रपति शिवाजी के देश एवं राष्ट्र हित में संजोए गए सपनों को साकार रूप दिलाने के लिए जन-जन में उनके विचारों का प्रभावी रूप में प्रचार प्रसार करने का संकल्प लें।

नगर पालिका परिषद के शिवाजी पार्क स्थित छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यमंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान ने कहा कि वह समाज निरंतर प्रगति और उन्नति के पथ पर अग्रसर रहते हुए विभिन्न प्रकार की उपलब्धियां अर्जित करता है जो अपने महापुरुषों तथा उनके महान कार्यों और विचारों की स्मरणीयता बनाए रखकर उनको मार्गदर्शक रूप में स्वीकार करता है और उन पर चलने का संकल्प लेता है। इस दौरान छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने एवं विचार व्यक्त करने वाले प्रमुख प्रतिष्ठित नागरिकों में धार्मिक संस्था श्री गणेश मित्र मंडल के संस्थापक गणेश मराठा, नमन जैन, भागीरथ सेना के प्रांतीय उपाध्यक्ष रवि शंकर सैनी, आदर्श होली हवन समिति के कोषाध्यक्ष अंकित कुमार सैनी, समाजसेवी व्यापारी कुलभूषण माहेश्वरी, सचिन पंडित, यज्ञ कौशिक, तपिश शर्मा, अमोल मराठा, पिंटू मराठा, विश्वास मराठा, सरदार गुरुचरण सिंह आदि प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल छत्रपति शिवाजी अमर रहे, भारत के वीर सपूतों की जय हो आदि नारों एवं जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण से किया गया।

# सरकारी स्कूल में बंदरों के हमले में छात्रा घायल

## शिक्षिकाओं व छात्राओं ने भाग कर जान बचाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नगर के प्राथमिक विद्यालय व बीआरसी में अचानक बंदरों के हमले से एक छात्रा घायल हो गई। जबकि कई छात्राओं व शिक्षिकाओं ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्राथमिक विद्यालय पर कुछ बंदरों ने पहुंचकर वहां छात्राओं पर हमला कर दिया। हमले में कक्षा आठ की छात्रा मौहल्ला पठानपुरा निवासी इलमा घायल होने के साथ दहशत में बेहोश हो गई। जबकि कई छात्राओं ने कक्षाओं के अंदर पहुंचकर अपनी जान बचाई। एआरपी मोबीन हसन व शिक्षिकाओं ने घायल छात्रा को तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से छात्रा को बिजनौर के लिए रैफर कर दिा गया। बंदरों ने इसी बीच स्कूल के बराबर में स्थित बीआरसी पर पहुंचकर उत्पात मचाते हुए वहां शिक्षिकाओं पर हमले का प्रयास किया। शिक्षिकाओं ने तुरंत वहां से बीआरसी के कार्यालय के अंदर पहुंचकर अपनी जान बचाई।

उल्लेखनीय है कि नगर क्षेत्र में आजकल बंदरों की संख्या काफी बढ़ गई है। बंदर लोगों के घरों की छतों से अंदर घरों में पहुंचकर आएदिन उत्पात मचा रहे है।

नागरिकों ने उत्पात मचाने व लोगों पर हमला कर उन्हें घायल करने वाले बंदरों को पकड़वाकर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

# कांवड यात्रा के लिए पुलिस ने मांगा सहयोग

## होटल पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने मंगलवार को होटल, ढाबा स्वामियों, नगर पालिका सभासदों, समाजसेवकों, संभ्रांत लोगों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस ने सभी से कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग की अपील की।

थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर इस बार कांवड़ यात्रा को और अधिक भव्य बनाने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कांवड़ियों के आने वाले मार्गों में गड्ढों को भरा जा रहा है। नगीना कोतवाली में आयोजित बैठक में होटल, ढाबा संचलकों और नगर के जिम्मेदार लोगों ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने कहा कि होटल पर रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य है। इसके अलावा बिना लहसुन प्याज के खाना परोसने के साथ ही कांवड़ यात्रियों से अच्छा व्यवहार करना होगा। कांवड़ मार्गों पर मांस, मछली, अंडा युक्त आहार न बेचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को संपन्न करने के लिए पुलिस का सहयोग करें। कांवड़ मार्गों पर यातायात बाधित करने वाली किसी भी प्रकार की स्थिति को न उत्पन्न करने के सख्त आदेश दिए गए। ई रिक्शा चालकों से भी कांवड़ मार्गों पर अनावश्यक रूप से जाने खास तौर पर वन वे पर ही जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ट्रैफिक रूट डायवर्जन, बैरिकेडिंग करने, अतिक्रमण हटाने, आवश्यकतानुसार सीसीटीवी कैमरे लगाने, पथ प्रकाश व्यवस्था बेहतर करने पर भी चर्चा की गई।

बैठक में थानाध्यक्ष ने कानून व्यवस्था को लेकर गणमान्य नागरिकों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि वे किसी भी छोटी-बड़ी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस मौके पर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के अलावा एसएस आई दीपक कुमार, एसआई सर्वेज खान व एस आई सोहन सिंह ने भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी।

बैठक में मौजूद सिद्दीक मुल्तानी, गोपाल, बृजमोहन बिश्नोई उर्फ बल्ली, मकसूद उस्मानी, उस्मान जैदी, बदर मुनीम सहित सभी गणमान्य नागरिकों ने पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# दिव्यांगजनों को एक प्लेटफार्म पर आना होगा: अकरम अंसारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रायपुर सादात।** दिव्यांग सहारा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अकरम अंसारी ने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाए ताकि वह देश के विकास में भागीदार बन सके।



दिव्यांग सहारा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अकरम अंसारी ने प्रेस को जारी अपने बयान में कहा सरकार ने हमें दिव्यांग नाम देकर समाज में हमारा मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा दिव्यांग किसी भी तरह कमजोर नहीं है और देश में बड़े-बड़े ओहदों पर बैठकर वह बड़े-बड़े निर्णय ले रहे हैं। हमारे अभिभावकों को चाहिए वह अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाऐ ताकि वह आगे चलकर देश के विकास में भागीदार बन सके। शिक्षा ही हमें समाज में सम्मान दिलाती है। हमें अपने आप को कमजोर साबित नहीं करना। हम दिव्यांग होकर भी अलग-अलग धड़ो में बंट गए हैं। हमें अपने दिव्यांगजनों के हित में एक प्लेटफार्म पर आना होगा ताकि हम उनके हित में कार्य कर सके। जो दिव्यांगजन सरकारी सहायता से वंचित है, उन्हें सरकारी सहायता दिलाने में मदद करनी चाहिए।

उन्होंने मांग करते हुए कहा कि दिव्यांग पेंशन की धनराशि प्रति माह तीन हजार की जाए और जो आवास हीन है उन्हें पात्रता के आधार पर आवास उपलब्ध कराया जाए।

# शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव मनाया

## शिवसेना कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** शिवसेना जिला इकाई बिजनौर द्वारा शिवसेना कार्यालय बसंती देवी धर्मशाला में छत्रपति शिवाजी महाराज का 395 वा जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

शिवसेना उपराज्य प्रमुख पंडित नरेश शर्मा ने हिंदवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित शिवनेरी किले में हुआ था। उनके पिता शाहजी भोंसले एक मराठा सेनापति थे, जिन्होंने दक्षिण के सुल्तानों की सेवा की थी। उनकी माता जीजाबाई एक धार्मिक महिला थीं, जिन्होंने शिवाजी को धार्मिक और राष्ट्रीय मूल्यों में पाला-पोसा। शिवाजी ने अपने जीवनकाल में कई महत्वपूर्ण युद्ध लड़े, जिनमें प्रतापगढ़ का युद्ध, पावन खिंड का युद्ध और सूरत पर हमला शामिल है। उन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और अपने शासनकाल में कई महत्वपूर्ण सुधार किए। शिवाजी की मृत्यु 3 अप्रैल 1680 को रायगढ़ किले में हुई थी। शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह ने कहा कि हम सभी को मराठा सम्राट छत्रपति शिवाजी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर हिंदू राष्ट्र की कल्पना को साकार करना होगा।

युवा जिला प्रमुख विजय मोहन गुप्ता ने छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए कहां कि शिवसेना के संस्थापक स्व. हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे ने छत्रपति शिवाजी के अधूरे पड़े सपने हिंदू राष्ट्र को लेकर अपना समस्त जीवन हिंदू राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। यह अधूरा काम हम सभी शिव सैनिकों को पूरा करना होगा।

कार्यक्रम में विजय मोहन गुप्ता जिला प्रमुख युवा सेना, अंतरिक्ष कौशिक नगर प्रमुख, डॉ. दुष्यंत पवार, शोभित गुर्जर जिला महामंत्री, जतिन कुमार, राकेश कुमार, दीपक कश्यप, राहुल, अभिषेक कुमार नगर प्रमुख चांदपुर, पुलकित त्यागी, मुकेश लांबा, जिला उप प्रमुख पंडित नरेश कुमार, राज्य उप प्रमुख संदीप कुमार, पंडित सुनील शर्मा आदि शिव सैनिक मौजूद रहे।

# एडुलीडर्स ग्रुप के वार्षिक कैलेंडर भेंट किए

**नजीबाबाद।** न्याय पंचायत पर्वतपुर की मासिक संकुल बैठक कंपोजिट विद्यालय कमालपुर जगनवाला में आयोजित की गई।

कार्यशाला के एजेंडे के अनुसार सभी बिंदुओं जैसी डीबीटी पेंडेंसी, हॉलिस्टिक फीडिंग, अपार आईडी पेंडेंसी, शिक्षक संकुल दिलशाद के द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। राज्य क्लब की रूपरेखा व इसे क्रियाशील रखने के बारे में सभी का मार्गदर्शन किया।

मंचासीन राज्य पुरुस्कार प्राप्त सुधीर राणा द्वारा आमिर अली (शिक्षक संकुल), दिलशाद एवं कार्यशाला आयोजक विशाल अहमद एवं वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सुधा रानी को राज्य स्तरीय एडुलीडर्स ग्रुप के वार्षिक कैलेंडर भेंट किए गए।

कार्यशाला का संचालन दिलशाद शिक्षक संकुल द्वारा किया गया। कार्यशाला में न्याय पंचायत के अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण

## पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्रीहरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम फीना व ग्राम अजुपुरा में सम्पन्न हुआ। शिविर के दूसरे दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण किया।

पौधारोपण एनएसएस की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवाली राजपूत, पिंकी यादव, छाया राजपूत व नीशु देवल के संरक्षण में किया गया। उधर ग्राम अजुपुरा में द्वितीय इकाई के स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी पीयूष वर्मा के नेतृत्व में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली। ग्राम अजुपुरा में स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। शिविर के द्वितीय सत्र में पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिवाली राजपूत ने छात्रों को भौगोलिक पर्यावरण के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि वृक्ष और जलाशय, प्राकृतिक, संतुलन के महत्वपूर्ण घटक हैं। इनका संरक्षण करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने छात्रों से ग्रामीणों की निस्वार्थ भाव से सेवा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वंचितों की सेवा करना परम धर्म है। इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से ही छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। द्वितीय सत्र के अंत में हम होंगे कामयाब एक दिन गीत गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस मौके पर कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, छाया राजपूत, रुक्मिणी देवी, प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, सुषैन बाबू शर्मा, सचिन कुमार, शनि चौहान, पिंकी यादव, ललित शर्मा, प्रशांत चौधरी, सोनू कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरुकी।** बिलाई मिल गन्ना भुगतान, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का समर्थन मूल्य न बढ़ाने को लेकर आज किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक ग्राम ऊमरी में युवा जिला प्रभारी इमरान चौधरी के निवास पर संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी के अनुसार विकास उर्फ नूरी को किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का भाव नहीं बढ़ाया गया है, जिसके कारण किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। क्योंकि इस वर्ष गन्ने में रैड रौट कैंसर जैसी बीमारी के कारण गन्ने की पैदावार कम हुई है जिसके कारण किसान पहले से ही बीमारी की मार से जूझ रहा था। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार ने गन्ने का भाव ना बढ़ाकर किसानों की रीढ़ की हड्डी तोड़ने का काम किया है। पानीपत खटीमा मार्ग पर शादीपुर के निकट प्रस्तावित टोल प्लाजा को लेकर विकास चौधरी ने कहा कि किसी भी कीमत पर गाइडलाइन के विरुद्ध टोल प्लाजा नहीं लगने दिया जाएगा। बिलाई मिल गन्ना भुगतान को लेकर कहा कि बिलाई मिल द्वारा समय से करना भुगतान नहीं मिलने के कारण किसानों को शादी, विवाह, बीमारी व फसलों की बुवाई में आने वाले खर्च में परेशानी हो रही है। विद्युत विभाग द्वारा किसानों के घरों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। विकास चौधरी ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर जल्द ही एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा।

इस मौके पर विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, पीतम सिंह, देवेंद्र सिंह, भारत सिंह प्रधान, संजय सिंह, हरफूल सिंह, सजाउद्दीन, मुस्तकीम अंसारी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पानपदास महाराज की पुण्यतिथि पर शोभायात्रा

## सनातन परिवारों ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महान संत श्री श्री 108 सद्‌गुरु परमहंस बाबा पानप दास जी महाराज की 252 वी पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित विशाल वार्षिक उत्सव समारोह के अंतर्गत मोहल्ला लोहियान स्थित गुरुद्वारा से शोभायात्रा निकाली गई।

क्षत्रिय नगर स्थित समाधि स्थल पर विशाल मेले का आयोजन किया गया। महान संत पानप दास जी महाराज सहित अन्य ब्रह्मलीन संतों और महात्माओं के पारंपरिक जयकारे गूंजते रहे। 252 वे वार्षिक उत्सव का शुभारंभ नगर के मोहल्ला लोहियान स्थित गुरुद्वारा से निकाली गई विशाल शोभायात्रा से किया गया। शोभायात्रा में गुरुद्वारा से जुड़े हुए संत और महात्मा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को अपने शीश पर धारण किए हुए चल रहे थे जबकि शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु परिवार निर्धारित और पारंपरिक जयकारों से वातावरण को भक्ति मय बनाए हुए थे। इसके अतिरिक्त बैंड बाजे की धुन पर उच्चरित हो रहे भक्ति गीतों से भी निर्धारित मार्ग भक्ति मय बने रहे। शोभायात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर सनातन परिवारों ने पुष्प वर्षा एवं मिष्ठान प्रसाद वितरण आदि से स्वागत भी किया। शोभायात्रा गुरुद्वारा से प्रारंभ होकर मुख्य डाकघर मार्ग, पंजाबी कॉलोनी के श्री गुरु नानक मार्ग, नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग होती हुई क्षत्रिय नगर स्थित महान संत पानप दास जी महाराज के समाधि स्थल पर पहुंची जहां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को भक्तों एवं अनुयायियों द्वारा की जा रही सामूहिक जय जयकार के बीच पूरे सम्मान के साथ शोभायमान कर दिया गया। विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष माथा टेकते हुए समाधियों पर प्रसाद चढ़ाया और सभी सनातन परिवारों में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना भी की। इस मेले में नगर के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में समर्पित योगदान देने वाले समाजसेवी दीपेंद्र सिंह चौहान की ओर से पिछले 10 वर्षों से चली आ रही परंपरा के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल की व्यवस्था की गई। इस सेवा कार्य में नगर पालिका परिषद सभासद संतोष राजपूत सहित अनेक समाजसेवी नागरिकों ने अपने समय का योगदान दिया। इस विशाल एवं ऐतिहासिक मेले को व्यवस्थित रूप दिलाने में गुरुद्वारा से जुड़े नगर पालिका परिषद धामपुर के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर अभय कुमार सिंह, प्रसिद्ध समाजसेवी ठाकुर भूपेंद्र सिंह चौहान बाटा सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा वार्षिक उत्सव एवं विशाल मेले को शांतिपूर्ण तरीके से संपादित कराने के लिए संयुक्त रूप में गठित की गई कमेटी मे शामिल नागरिकों और उनके सहयोगियों तथा गुरुद्वारा से संबंधित अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों ने प्रशंसनीय भूमिका प्रदर्शित की। जबकि प्रशासन की ओर से इस विशाल मेले को व्यवस्थित रूप में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उप जिला अधिकारी कुंवर बहादुर सिंह, एसपी पूर्वी धर्म सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सरवम सिंह, धामपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह चौहान के निर्देशन में बड़ी संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मी तैनात रहे। बुधवार की प्रात: से प्रारंभ हुआ यह विशाल मेला देर शाम तक प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा वार्षिक उत्सव और मेले से संबंधित अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों के सहयोग से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# चोर-चोर का शोर मचा कर बुजुर्ग को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पुराने जमीनी विवाद को लेकर तीन सगे भाइयों सहित एक अन्य युवक ने रात्रि के समय घर के बाहर खड़े एक बुजुर्ग को चोर चोर कहते हुए उस पर लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे बजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के ले जाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर छिबरी निवासी आकृतिक कुमार पुत्र रूपचंद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनकी गांव के ही करन सिंह के परिवार से पुराना जमीनी विवाद है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उसके पिता रात्रि लगभग 11 बजे घर के बाहर खड़े थे। तभी ग्राम के ही लखीराम, विनोद, सतीश पुत्रगण करन व हिमांशु पुत्र कुंदन सिंह ने प्लानिंग के तहत चोर चोर का शोर मचाकर उसके पिता पर लाठी डंडों व धारधार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब वे व परिवार के अन्य सदस्य घर से बाहर आये तो आरोपी उन्हें बेहरमी से पीट रहे थे। जो कि उन्हें देखकर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित का कहना है कि मरणासन्न स्थिति में वे अपने पिता को निजी अस्पताल लेकर गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज किए जाने की पुष्टि की है।

## रफीपुर मोहन में प्रधान पद के लिए हुआ मतदान

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम रफीपुर मोहन में रिक्त हुए प्रधान पद के लिए उप चुनाव में मतदान हुआ। नजीबाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत रफीपुर मोहन के ग्राम प्रधान मेहर सिंह की बीते वर्ष 23 दिसम्बर को मृत्यु हो गई, जिसके बाद ग्राम प्रधान का पद रिक्त चल रहा था। शासनादेश के बाद बुधवार को ग्राम प्रधान पद के उप चुनाव के लिए ग्राम में ग्रामीणों ने अपने मत का प्रयोग किया। रफीपुर मोहन में दो प्रत्याशी अवनीश पुत्र रमेश व ऋतिक पुत्र स्व. मेहर सिंह आमने-सामने है। ग्राम में कुल 1847 वोट है। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि रफीपुर मोहन में चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है, ग्रामीण वोट डाल रहे है। ग्राम में शांति का माहौल बना हुआ है, सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात है, हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

### प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल में ग्राम एचौड़ा कम्बोह में कल्किधाम निर्माण को किया भू-उत्खनन

# कल्किधाम का निर्माण समाज के सकारात्मक बदलाव की शुरुआत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्राम एचौड़ा कम्बोह में निर्माणाधीन कल्किमंदिर भूउत्खनन कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल समेत नामचीन विभूतियों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल श्री कल्किधाम की स्थापना दिवस कार्यक्रम पर एचौड़ा कम्बोह पहुंची। उन्होने इस दौरान भू-उत्खनन कार्यक्रम में भाग लेकर जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्वि इस अद्भुत कालखंड में यह कार्य न केवल भव्य धार्मिक स्थल का शुभारंभ है। बल्कि हमारे देश और समाज की आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी भी धार्मिक या संस्था का उद्देश्य केवल आत्म कल्याण नहीं होता बल्कि समाज कल्याण एवं संपूर्ण मानव के कल्याण की कामना होती है। भारतीय सनातन संस्कृति भारतीय समाज का मार्ग प्रशस्त करने के साथ-साथ पूरे विश्व को सम्भव और प्रेम का अंबार दिखाती है। सनातन संस्कृति के वास्तविक मूल्य जैसे अहिंसा, सच्चाई, करूणा, परोपकार न केवल आध्यात्मिक के लिए बल्कि समाज में सुधार और प्रेम को स्थापित करने के लिए बहुत जरूरी होता है। मुझे बताया गया कि कल्किधाम के प्रस्तावित कार्य का मुख्य उद्देश्य सनातन मूल्य की स्थापना के साथ-साथ मानव उद्वार हेतु एवं आधुनिक शिक्षा का सामान्य करते हुए एक विशाल आध्यात्मिक विश्वविद्यालय स्थापित करने का भी प्रयास होगा। उन्होने कहा कि कल्किधाम राष्ट्र के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य करेगा। भारत में विभिन्न धर्म और संस्कृतियों के बीच सामंजस्य रहा है। भगवान राम का तो एक मजबूत सांस्कृतिक आधार क्या है शिक्षा और नैतिकता के प्रसार में भी महत्वपूर्ण भूमिका है। यह न केवल आध्यात्मिक शिक्षा देती है बल्कि सामान्य प्रगति और सुधार के लिए भौतिक जागरूकता भी बताती है। उदाहरण के तौर पर गुरुकुल और मथुरा में प्राचीन भारतीय ज्ञान विज्ञान का प्रसार हुआ है जो आज भी हमारे समाज के लिए बनते हैं। अनेक आश्रम, शिक्षा, चिकित्सा और राष्ट्रीय प्रदान करने के साथ-साथ समाज में समरसता और माहौल तैयार करते हैं। श्री कल्किधाम की धारणा केवल एक धार्मिक और समाज के समग्र विकास का यहां की स्थापना का उद्देश्य केवल आस्था पर देना नहीं है बल्कि समाज के हर वर्ष पर सकारात्मक बदलाव की शुरुआत है। इस धाम में होने वाली कई योजनाओं और में प्रमाणित होता है कि यह स्थान आध्यात्मिकता के सामाजिक समृद्वि का भी आदर्श बनेगा इस स्थान में प्राथमिकता से लेकर उच्च शिक्षा के विद्यालय निर्धानों हेतु प्रचार के मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की स्थापना का भी संपूर्ण प्रदेश को मिलेगा। जो निश्चित प्रशंसानिय है। इसलिए कल्किधाम उन प्रतिभागों को संचालित करने का मंच होगा जो सुविधाओं के अभाव में वंचित रह जाते हैं। इसके साथ-साथ यहां एक विशाल समृद्वि और पुस्तकालय की भी स्थापना होगी जो सनातन संस्कृति के दर्शन कराएगा अनुभवी देख रहे हैं योग की जानकारी एवं प्रशिक्षित प्रदान करने की कल्पना भी की जा सकती है। महामहिम ने महिलाओं की सुरक्षा और बेटिया की शिक्षा एवं एक समाज को बनाने के लिए भी प्रेरित किया। अंत मे भव्य मन्दिर का मॉडल स्क्रीन के माध्यम से बटन दबाकर लॉच किया। मंच पर सुधांशु महाराज, फिल्म निर्माता बोनी कपूर, पूव मुख्यमंत्री गोवा दिगम्बर कामथ, समेत अन्य हस्तियां मौजूद रहीं।

## दारोगा पर जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी निवासी डा. अमित उर्फ उमेश ने अपनी जान को खतरा बताते हुए एक दारोगा पर आरोप लगाया है। पीड़ित ने अपने पास थाना धनारी के एक दारोगा का ऑडियो भी होने का दावा किया है। ऑडियो में उसे फर्जी मुकदमा मे जेल भेजनें और जान से मारने की बात कहने का आरोप लगाया गया है। ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भी दिया है। जिसमें आरोपी दारोगा पर कार्यवाही की मांग की गई है।







सम्भल। कल्कि धाम ग्राम एचौड़ा कम्बोह में कल्कि मंदिर निर्माण को भू-उत्खनन करने से पूर्व-अर्चना करती महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मंच पर सम्बोधन करने जाती महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल एवं कल्किधाम स्वरूप मॉडल देते अतिथि।

### 171 फीट ऊंचा होगा भगवान कल्कि मंदिर

# कल्किधाम निर्माण को भू-उत्खनन गौरवान्वित पल: आचार्य प्रमोद कृष्णम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि कल्कि मंदिर निर्माण के प्रयास सार्थक होने ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शिलान्यास करने के लिए जब आमंत्रण दिया गया था तब पीएम को राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा उनके हाथों हुई है अब भगवान के अन्तिम अवतार भगवान कल्कि के धाम के निर्माण का शिलान्यस भी उन्ही के कर कमलों से होगा। उन्होने कहा कि कल्कि धाम का निर्माण और धार्मिक उददेश्य से कल्कि धाम का निर्माण आप सबके मन में हो चुका है। उन्होने कल्कि धाम ट 0स्ट की और से लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कल्कि धाम निर्माण में उनके सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए एक बड़ा अस्पताल, ़एक बड़ा विश्वविद्यालय की स्थापना और दुनिया के शोद्य संस्थानों में शरीर पर रिसर्च होती है लेकिन आत्मा पर कहीं शोद्य नहीं हो रहा है,लेकिन कल्किधाम में ऐंसा शोद्य बनेगा जो भौतिक जगत पर और आत्मा पर भी शोद्य करेगा। उन्होने कल्कि मंदिर के निर्माझा के समय की जानकारी देते हुए बताया कि चार साल में मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होगा। जिसकी ऊंचाइ 171 फीट होगी। जिसमें भगवान के दस अवतारों के अलग-अलग गर्भग्रह होंगे। इतना ही नहीं कल्किध ाम एक ऐंसा धााम होगा जहां गुरू गोबिंद सिंह महाराज की स्थापना होगी। भगवान बुद्व को भी स्थापित किया जायेगा। भगवान महावीर की भी स्थापना होगा। भगवान के दस गर्भ ग्रह के साथ में दुनिया में प्रेम की अदभुत मिसाल कृष्ण प्रेम में दीवानी मीरा का मंदिर भी बनेगा।

## स्थानीय नेताओं को भी मिला मंच पर भाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विगत एक वर्ष पूर्व 19 फरवरी को कल्किधाम का शिलान्यास करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर मंच पर केवल प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जगह मिली, जबकि प्रदेश ओर जिला स्तरीय नेता व मंत्री को मंच से दूर रहे थे जबकि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के स्वागत आदि भी स्थानीय नेताओं से नहीं कराया गया था,। हालांकि इस बार भी स्थानीय नेता मंचासीन नहीं रहे,लेकिन मंच के करीब बैठाये गए। इसीके साथ प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल के आगमन पर स्थानीय नेताओं को सम्मान दिया गया। कल्कि पीठाध ीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष राजेश सिंह समेत अन्य नेताओ को मंच पर बुलाकर महामहिम राज्यपाल को अंग वस्त्र देकर स्वागत कराया। इस बार मंच के करीब रहने और मंच पर बुलाने से स्थानीय नेताओं के चेहरों पर खुशी के भाव रहे।

# राज्यपाल ने कल्किधाम निर्माण को दिए पांच लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- आचार्य प्रमोद कृष्णम के निमंत्रण के समय शब्दों को किया सझा
- धाम निर्माण को बढ़-चढ़कर दान देने को किया प्रेरित

**सम्भल।** कल्किधाम के भूउतखनन को पहुंची महामहिम राज्यपाल का भाषण आस्था के अलावा दान पुण्य का भी रहा। उन्होने कल्किधाम निर्माण के लिए बढ़-चढ़कर दान के लिए आगे आने को प्रेरित किया जबकि इसकी शुरूआत पांच लाख देने की घोषणा के साथ किया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम एचौड़ा कम्बोह में प्रस्तावित कल्कि मंदिर निर्माण की स्थापना वर्षगांठ पर भू खनतत्व को पहुंची महामहिम राज्यपाल आनंदीबाई पटेल ने राम अयोध्या में राम मंदिर से लेकर कल्किधाम निर्माण को लेकर कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम् के प्रयासों को सराहती रहीं। उन्होने कल्किधाम के भूउत्खनन के आमंत्रण देले के दौरान राजभवन में दी गई जानकारी को जनसमुदाय के साथ साझा करते हुए कहा कि किसी भी धाम के निर्माण में धन की ज़रूरत होती है। इसके लिए ध ाम निर्माण को बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। इसकी शुरूआत उन्होने पांच लाख रूपये देने की घोषणा कर स्थानीय लोगों से भी कल्किधाम निर्माण में दिल खोलकर दान देने के लिए प्रेरित किया।

# भिक्षा से शिक्षार्थी बने बच्चों को राज्यपाल ने वितरित की किट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा

**सम्भल।** इटायला माफी स्थित पीएमश्री विद्यालय में लगी विभिन्न विभागों के स्टालों की प्रदर्शनी का प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने निरीक्षण कर विकास कार्यों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की। जबकि 08 दिव्यांगो ट्राई साइकिलों का वितरण किया। गया।

महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत बाल सुलभ फर्नीचर किट 11 नग का वितरण किया। फसल अवशेष प्रबंधन के अन्तर्गत एक ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्रों का वितरण किया। एक भूमिहीन लाभार्थी को भूमि पटटा,105 निरूक्षय पोषण पोटली किट, शिक्षा विभाग के 105 बच्चों को पुस्तकें एवं कन्या सुमंगला योजना के द्वारा कन्याओं को 5 किट का वितरण किया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर कन्याओं को एक कप एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात राज्यपाल ने उम्मीद संस्थान के 'भिक्षा से शिक्षार्थ कार्यक्रम के तहत बच्चों को किट भी वितरित की और उन बच्चों के साथ-साथ उनके परिजनों से भी मुलाकात कर महामहिम ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद में हो रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की।इस दौरान जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने समीक्षा बैठक सम्भल तीर्थाटन एवं पर्यटन वंदन योजनान्तर्गत देव तीर्थ, यमघण्ट तीर्थ का भूमि पूजन की जानकारी देने के साथ जनपद में 87 तीर्थ हैं। यहां 24 कोसीय परिक्रमा भी की जाती है। उन्होंने कहा कि संभल को एक तीर्थ नगरी के रूप में विकसित करने की योजना है। इसमें पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई, सीडीओ गोरखनाथ भटट सीएमओ तरुण पाठक, बीएसए अलका शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी शिवी गर्ग के साथ जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



सम्भल-इटायला माफी में महामहिम राज्यपाल की तस्वीर लगा फोटो फ्रेम भेंट करते व्यापारी कमल कौशल

# इओ मणि भूषण तिवारी ने अपने नवाचारों से बदली है सम्भल की तस्वीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** कल्कि धाम के भूउत्खनन कार्यक्रम में आयीं महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के इटायला माफी के पीएम श्री विद्यालय में संवाद कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया ने जनपद सम्भल में किये गए उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी देते समय नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी

- जिलाधिकारी ने राज्यपाल से की प्रशंसा

डा. मणि भूषण तिवारी द्वारा सम्भल नगरपालिका क्षेत्र में किये गए नवाचारों की प्रशंसा की। डीएम ने बताया कि अनुपयोगी वस्तुओं से किस प्रकार रचनात्मक चीजें बनाए जा सकती हैं। जिसका उदहारण देते हुए पुराने कपड़ों से थैले बना कर सिंगल यूज प्लास्टिक के खात्मे कि मुहीम को बढ़ावा दिया जा सकता है। और उनके द्वारा ऐसी चीजों से सुंदर पार्कों का निर्माण किया गया जो अब उपयोग से बाहर हो चुकी हैं। जो सराहनीय कार्य है जिसकी प्रशंसा सभी कर रहे हैं।

# महाविद्यालय में सिलाई प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगा श्योदान सिंह कन्या महाविद्यालय गुन्नौर में खादी ग्रामोद्योग बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र पंजखोरा जिला शामली से आए ट्रेनिंग सुपरवाइजर ने यहां चल रहे सिलाई प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। बुधवार को महाविद्यालय में ट्रेनिंग सुपरवाइजर मनोहर मलिक ने महाविद्यालय में सिलाई प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रओं द्वारा सिले गए कपड़े देखें। इसके साथ ही प्रशिक्षण ट्रेनर सोनिका गुप्ता से भी प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने महाविद्यालय में कहा कि सिलाई का प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत खादी ग्रामोद्योग मंडलीय कार्यालय मेरठ के चेयरमैन द्वारा मशीनों का वितरण किया जाएगा। यह 15 दिवसीय प्रशिक्षण 21 फरवरी को पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक चाक का कुम्हार के लिए प्रशिक्षण देने की योजना है। इसके लिए पत्र लाभार्थी आवेदन करें। उसके बाद उनका प्रशिक्षण कराया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंधक अनुराग यादव, ट्रेनर सोनिका गुप्ता, शिल्पी, मनीषा, श्योराज सिंह आनन्द प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई हाई स्कूल व इंटर की परीक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गयीं। परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों की मुख्य गेट पर गहन सर्च करने के बाद कक्षाओं में प्रवेश दिया गया। सी सी टी वी कैमरों की निगरानी में शुरू हुई परीक्षाओं के दौरान कक्षों के अंदर दो-दो कक्ष निरीक्षकों को निगरानी के लिए लगाया गया। इसके अलाव परीक्षा केन्द्रों के बाहर भी शांति व सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी तैनात रहे। पहली और दूसरी पाली में हुई परीक्षा देकर बाहर आए परीक्षार्थियों ने परीक्षा प्रश्न पत्रों में दिए गए सवालों पर आपस में मंथन किया और उत्तर पुस्तिकाओं में दिए गए जवाबों का मिलान किया।

### आग लगने पर बचाने के पूरे नहीं उपाय

# होटलों व गेस्ट हाउस अगनशमन मानकों में अधूरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में होटलों व गेस्ट हाउस में आज भी अग्निशमन के मानक पूरे नहीं हैं। तंग गलियों में बने होटलों में तो दमकल विभाग द्वारा मांगी गई अग्निशमन सुरक्षा के व्यवस्थाओं की जानकारी का जवाब देना तक गंवारा नहीं समझा है। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में होटल कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण तक नहीं दिया जाता है। इसके बावजूद सराय एक्ट के तहत होटल चलाने की मंजूरी देने वाले जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं गया है।

हालत यह है कि होटलों में आग लगने पर ना तो एलर्ट करने की व्यवस्था है। और ना ही फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का कोई इंतजाम। आग लगने पर यदि एक रास्ता बंद हो जाता है तो निकलने के लिए कोई दूसरा रास्ता तक नहीं है। कुछ महीने पहले ही गोदौलिया में एक होटल में आग लगने पर दर्जनों पर्यटक कमरों में फंस गए थे। फायर ब्रिगेड ने शीशा तोड़कर कुछ को सुरक्षित निकाला था और आग को समय रहते बुझा दिया गया था। अग्निशमन अधि कारी ने बताया कि पंजीकृत होटलों से जानकारी मांगी गई थी। वहीं गलियों में बने होटल, गेस्टहाउस व लॉज संचालकों को कई बार पत्र भेजने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला है। अग्निशमन विभाग इनको जवाब देने के लिए बाध्य भी नहीं कर सकता है।

## मानक पूरे हैं या नहीं दे दी जाती है मंजूरी

**सम्भल।** सराय एक्ट के अन्तर्गत होटल बनाने के दौरान सभी मानक पूरे हैं या नहीं यह देखना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। मानक पूरे होने पर ही होटल चलाने का लाइसेंस दिया जाता है, लेकिन चर्चाओं के अनुसार सैकड़ों ऐसे होटल हैं, जो अधूरे मानकों पर ही जुगाड़ से लाइसेंस लेकर चल रहे हैं।

## रूकने के दौरान इन पर ज़रूर दें ध्यान

होटल में होजरील है या नहीं,आग लगने पर अलार्म बजने वाला स्मोक डिटेक्टर है या नहीं, 65 डिग्री से अधिक तापमान होने पर अलार्म बजाने वाला हीट डिटेक्टर है या नहीं,आग लगने की स्थिति में होटल से सुरक्षित निकलने के क्या इंतजाम हैं,आग लगने पर मुख्य सीढ़ी की जगह प्रयोग होने वाली दूसरी सिढ़ी अवरुद्व तो नहीं, कमरों में आग बुझाने वाला अग्निशमन यंत्र सिलेंडर है या नहीं



बबराला-गंगा श्यौदान सिंह महाविद्यालय में सिलाई प्रशिक्षण में तैयार परिधानों को दिखाती प्रशिक्षार्थी।

# राज्यपाल के आगमन पर भी सम्भल को नहीं मिली कोई नई सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कल्कि पीठाधीश्वर ने भी की थी सहयोग की अपेक्षा

**सम्भल।** श्रीकल्किधाम निर्माण को भूउत्खनन करने पहुंची प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल के आगमन पर कोई न कोई नई सौगात मिलने की आशा जतायी जा रही थी। हालांकि कल्कि पीठाधीश्वर ने भी मुख्यमंत्री से लेकर राज्यपाल महोदया के सहयोग की अपेक्षा की थी,लेकिन अपने पूरे भाषण के दौरान महामहिम की और से कोई नई घोषणा नहीं की गई। एचौड़ा कम्बोह में कल्कि धाम के निर्माण को भूउत्खनन कार्यक्रम में पहुंची प्रदेश की राज्यपाल महामहिम आनंदी बेन पटेल के भाषण से पूर्व कल्कि पीठाीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कल्किधाम ट्रस्ट की और से लिए गए फैसलों की जानकारी देकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार और राज्यपाल महोदया के सहयोग से अपेक्षा की थी। इससे माना जा रहा था कि महामहिम राज्यपाल कल्कि धाम में कोई नई सौगत दे सकती हैं,,लेकिन कल्कि धाम केभू उत्खनन कार्यक्रम में पहुंची राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल ने अपने भाषण में मंदिर, आस्था और महिला सुरक्षा व बेटियों को दहेज के लिए प्रताड़ित नहीं करने तथा दहेज के लिए उनकी हत्यायें नहीं करने पर ही पूरा भाषण केन्द्रीत रहा।

# बजट में बबराला में इंजीनियरिंग कॉलेज खोले जाने की हो घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- क्षेत्र के लोगों ने पिछडेपन को दूर करने की आवश्यकता पर दिया बल

**बबराला।** नगर के लेखपाल कॉलोनी लोगो ने क्षेत्र में इंजीनियरिग कालेज खोले जाने की माँग मुख्यमंत्री से आगामी बजट में की है। जिससे क्षेत्र के युवा कोर्स के लिए बाहरी शहरों की दौड़ न लगाये।लोगों का कहना है कि शिक्षा की ओर किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नही दिया। कालेज के अभाव में युवा पलायन करते हैं। इससे पढ़ाई पर खर्चा भी अधिक होता है। नगर के मुनीश वार्ष्णेय ने कहा कि क्षेत्र में कालेज बनने से युवाओं को अन्य शहरों की ओर पलायन नही करना पड़ेगा। संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षा के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कालेज की आवश्यकता है। इसके लिए सम्पन लोग भी अपनी ओर से प्रयास करे। इस दौरान आनन्द प्रकाश, योगेन्द्र सिंह, किशनपाल, प्रमोद कुमार, विनीत कुमार आदि हैं।

# व्यापारियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग पर जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददातो**

**बबराला।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने ऑनलाइन ट्रेडिंग पर अपना विरोध जताया। वहीं ऑनलाइन ट्रेडिंग से खुदरा व्यापारियों के हो रहे अहित के अतिरिक्त अन्य विसंगतियों को भी गिनाया।

नगर गुन्नौर के सदर बाजार में नन्हें वार्ष्णेय के आवास पर हुई बैठक में मण्डल के नगर अध्यक्ष सुनील वार्ष्णेय ने कहा कि भारतीय ई-कॉमर्स उद्योग में विनियामक निरीक्षण की तत्काल आवश्यकता है। ई-कॉमर्स द्वारा जनित निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को खतरे में डालने की प्रथा, जिससे विशेष रूप से व्यापारी, खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं पर प्रभाव पड़ रहा है। इसे दूर करने की मांग व्यापारी कर रहे हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर विक्रेताओं का अनिवार्य केवाईसी किया जाने, बड़ी ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनियों द्वारा एमएसएमई और पारंपरिक खुदरा विक्रेताओं सहित छोटे प्रतिस्पर्धियों को बाहर करने के लिए उत्पादों को अस्थिर दरों पर बेचे जाने से रोकने, ई कॉमर्स प्लेटफार्म को थोक विक्रेताओं के रूप में कार्य नहीं करने, कई प्लेटफार्म द्वारा अपनी इन हाउस या सहायक विक्रेता कंपनियों को विशेष रूप से मूल्य निर्धारण और दृश्यता के मामले में तरजीह देने से रोकने की मांगे की गयीं। इस दौरान सुनील वार्ष्णेय, नन्हें वार्ष्णेय, राजेन्द्र, सुमित, बंटी, विनोद कुमार, विवेक, प्रेमपाल आदि मौजूद रहे।

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर तहसील रोड सम्भल

## समाचार एक नज़र में

### राष्ट्र प्रेमी कर्तव्य परायण और मानवता के सच्चे रक्षक थे छत्रपति शिवाजी: राघव

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** हमारे भारत में समय-समय पर अनेकों वीर योद्धाओं और महापुरुषों ने जन्म लिया है, उन्हीं में से थे एक छत्रपति शिवाजी जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता की रक्षा और देश में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने में समर्पित कर दिया था। उक्त विचार प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने शिवाजी जयंती पर व्यक्त किए। बुधवार को प्रेम शांति इंटर कॉलेज में छत्रपति शिवाजी की जयंती पर बोलते हुए प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी एक ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने भारतीय जनता को मुगल शासकों के



अत्याचार से मुक्त कराया और मुगलों से साहसी पूर्वक सामना कर मराठा साम्राज्य की स्थापना की। भारत भूमि शिवाजी जैसे महान योद्धाओं के जनम से गौरवान्वित हुई है। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। उनके पिता शहाजीराजे भोसले एक शक्तिशाली सामंत राजा थे। उनकी माता का नाम जीजाबाई था । जो जाधवराव कुल में उत्पन्न एक असाधारण प्रतिभाशाली महिला थी। उन्हीं के मार्गदर्शन में शिवाजी ने मराठा साम्राज्य और हिंदू स्वराज्य की स्थापना की थी। शिवाजी बचपन से ही काफी तेज, प्रखर और विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। बचपन से ही तलवारबाजी, अस्त्र -शस्त्र चलाना और घुडसवारी करना उनका शौक था। इसी से वह युद्ध कला में बचपन में ही निपुण हो गए थे। अपने आध्यात्मिक गुरु समर्थ श्री रामदास के संपर्क में आने से वह राष्ट्र प्रेमी, कर्तव्य परायण, वीर योद्धा बन गए थे। गोष्ठी में मुख्य रूप से आदित्य राघव,अनिल चौहान, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, सुषमा राघव परीक्षा राघव क्रांति माया कुमारी रितु राघव आदि स्टाफ सहित छात्र मौजूद रहे।

# रिटर्न गिफ्ट: टीएमयू हॉस्पिटल में चार करोड़ रुपये तक होंगे फ्री में इलाज-ऑपरेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन का व्यक्तित्व सच्चे लोकोपकारी के रूप में उभरा है। श्री जैन न केवल समाज को उच्च शिक्षा के लिए संकल्पित हैं, बल्कि समाज के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। इसी सेवा भाव के संकल्प और समर्पण के चलते श्री जैन ने हाल ही में एक के बाद एक टीएमयू हॉस्पिटल में चार करोड़ रुपए की जनकल्याणकारी सेवाओं का अनमोल तोहफा दिया है। टीएमयू हॉस्पिटल के हड्डी रोग विभाग की ओर से कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने अब एक करोड़ रुपए के फ्री ऑपरेशन एवम् इलाज की घोषणा की है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन कहते हैं, यह पैसा न तो सरकार, न माइनोरिटी विभाग की ओर से आया है और न ही कहीं दीगर सोर्स से प्राप्त हुआ है। यह धनराशि सिर्फ और सिर्फ टीएमयू हॉस्पिटल और तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की है, जो ये चौरिटी के रुप में खर्च कर रहे हैं। इससे पूर्व श्री जैन स्त्री एवम् प्रसूति रोग विभाग के लिए 02 करोड़, सर्जरी विभाग एवम् बाल रोग विभाग के लिए 50-50 लाख रुपए की नि:शुल्क इलाज योजनाओं की भी घोषणा कर चुके हैं। टीएमयू हॉस्पिटल के हड्डी रोग विभाग के एचओडी डॉ. अमित सराफ कहते हैं, इस योजना के तहत एक करोड़ रुपए खर्च होने तक हड्डी रोग विभाग में आपॅरेशन और इलाज की नि:शुल्क सुविधा मिलेगी। विभाग की ओर से हाथ और पैर की हड्डियों में स्क्रू रॉड और प्लेट लगाना, हड्डियों से संबंधित सभी रोगों का इलाज और दवाइयां फ्री मिलेंगी। भर्ती पेशेंट के लिए बेड, आईसीयू, वेंटीलेटर के संग-संग अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्कैन एवम् सभी तरह की खून की जांचे नि:शुल्क की जाएंगी। जोड़ प्रत्यारोपण पर विशेष छूट दी जाएगी। घुटने का प्रत्यारोपण मात्र 65 हजार और कूल्हे का प्रत्यारोपण मात्र 80 हजार में किया जाएगा, जिसमें बेड चार्ज, जांचें, ऑपरेशन, दवाइयां एवम् इंप्लांट का खर्चा शामिल है। बाल रोग विभाग के एचओडी डॉ. बीके गौड़ कहते हैं, इस योजना के तहत लंबी खांसी, सूखा रोग, दिमागी बुखार, टायफाइड, दमा, मिर्गी के दौरे आदि का इलाज नि:शुल्क किया जाएगा। उल्लेखनीय है, इसी तर्ज पर हॉस्पिटल में दो करोड़ रुपए तक की महिलाओं के लिए भी एक योजना चल रही है, जिसमें महिलाओं की डिलीवरी से लेकर इलाज, दवाइयां, जांचें, रहने-खाने आदि की बिल्कुल नि:शुल्क व्यवस्था की गई है। साथ ही महिला और बच्चे के हॉस्पिटल से






डिस्चार्ज होने पर चार हजार रुपए का चेक भी दिया जा रहा है, ताकि जच्चा-बच्चा को उचित पोषण मिल सके। इसके अलावा सर्जरी विभाग की 50 लाख रुपए की योजना के तहत हर्निया, अपेंडिक्स, आंतों का उलझना, आंतों का फटना, पेट की रसौली, पित्त की थैली में पथरी, भगन्दर, बवासीर, फिसर आदि के ऑपरेशन के संग-संग पित्ती की नलियों की एडवांस सर्जरी आदि दूरबीन विधि से नि:शुल्क की जा रही है। इसमें पेशेंट के रहने-खाने के संग-संग एनस्थिसिया, दवाइयां, खून की जांचें, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, आईसीयू, वैन्टीलेटर आदि की व्यवस्था भी नि:शुल्क है।

## कावड़ लाने के लिए बिश्नोई बेड़ा तैयार, बैठक कर बनाई रणनीति

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पट्टीवाला स्थित श्री गुरु जंभेश्वर बिश्नोई धर्मशाला में बिश्नोई कांवड़ बेड़े की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर रणनीति तय की गई। बिश्नोई कांवड़ बेड़े के महत्व राकेश बिश्नोई ने कहा कि विश्नोई कांवड़ बेड़ा महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाने के लिए आगामी 21 फरवरी को नगर से प्रस्थान करेगा। उसके बाद सभी कांवड़िये 23 फरवरी को हरिद्वार से अपनी-अपनी कांवड़ में गंगाजल भरकर कांठ के लिए रवाना होंगे। उसके बाद बेड़ा 25 फरवरी को महाशिवरात्रि से एक दिन पहले शाम को श्री



गुरु जंभेश्वर आश्रम भूड़ टीवा मंदिर पर एकत्रित होगा। वहां से पूरा बेड़ा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी डीजे के साथ पट्टीवाला बिश्नोई धर्मशाला के लिए प्रस्थान करेगा। 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन शिव मोहनी मंदिर पर आरती के पश्चात जलाभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर, महंत राकेश बिश्नोई, उप महन्त राजेंद्र बिश्रोई, इंद्रजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह मुंशी, संदीप कुमार, पिंटू बिश्नोई, सुमन कुमार, शुभम बिश्नोई,संजीव पाटिल, राजीव कुमार, केशव राणा, आदि लोग मौजूद रहे।

## मेघावी बच्चों को किया पुरस्कार देकर सम्मानित बच्चों ने किए संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं पुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समापन पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया स विद्यालय के मेधावी छात्र छात्रों को पुरस्कार देकर अतिथि गणों ने सम्मानित किया स विद्यालय प्रांगण में बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में सुबोध चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नारी सशक्ति करण, पर्यावरण की रक्षा, दादी अम्मा दादी अम्मा गीत, संगीत पर योग का प्रदर्शन, राजस्थानी, हरियाणवी एवं पंजाबी नृत्य, आदि की प्रस्तुति से दर्शनों का मन जीत लियास इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया स इस अवसर पर भाजपा सभासद चमन सिंह, डॉ राजेंद्र कुमार, भारत



विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, पत्रकार देवेंद्र बिश्नोई, पंकज भदौरिया, संजय यादव, आदि ने विचार व्यक्त किए और शानदार वार्षिक उत्सव की जमकर प्रशंसा कीस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह, वंदना विश्नोई, बदर जहां, पारुल जैन सोनी, राखी बिश्नोई, कविता रानी आदि का सहयोग सराहनीय रहा स कार्यक्रम का संचालन सुमित मुखर्जी ने किया। आगंतुकों का आभार इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह ने किया।

## रुपये उधार न देने पर दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं से की मारपीट, छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** थाना मूंडापांडे क्षेत्र के गांव चकमदनापुर में मंगलवार रात के समय गांव के ही कुछ दबंगों ने रिजवान पुत्र जाहिद अली चकमदनापुर थाना मूंढापांडे से सत्तर हजार रुपये उधार मांगें मना करने पर गांव के ही अशरफ पुत्र रहीस व उनके अन्य सहयोगियों ने मिलकर पीड़ित परिवार के घर में घुसकर महिलाओं से मारपीट करते पर बदसलूकी की विरोध करने पर लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया, घर में खड़ी बैगनार कार व तीन सिलाई मशीनें भी तोड़ डालीं,पीड़ित परिवार ने करनपुर चौकी पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि,दबंगों द्वारा मारपीट के बाद जब हम चौकी करनपुर में तहरीर देनें के लिएं पहुंचें तो उलटा पुलिस ने हमारे बेटे को ही वहां बिठा लिया,और हमारी कोई भी मदद नहीं की, उसके हम थाना मूंडापांडे में तहरीर लेकर पहुंचे हैं।

अशरफ व एक तथाकथित पत्रकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है,पीड़ित जाहिद अली ने तथाकथित पत्रकार पर आरोप लगाया कि, चौकी करनपुर की पुलिस से पत्रकार ने पैसे देकर कार्रवाई रुकवा दी है, थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## बेसहारा गोवंश को जल्द ही मिलेगा आशियाना: विकास

**कांठ( शाह टाइम्स )** मोढी हजरतपुर से 7 फरवरी को गौ सेवकों को निराश्रित गोवंश के घायल अवस्था में घूमने की सूचना मिली थी। उसके पैर में लोहे का शिकंजा फंसा हुआ था। गौ सेवा गतिविधि के विकास शर्मा की



टीम ने तत्काल ही पशु चिकित्सालय फोन कर गोवंश के उपचार के लिए टीम को बुलाया टीम द्वारा गोवंश की पट्टी की गई। उसे निराश्रित गोवंश को कांठ राजकीय पशु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान पैर का हिस्सा काटना पड़ा गोवंश की हालत में अब काफी सुधार है। एक गोवंश पहले से ही घायल अवस्था में सरकारी अस्पताल में हैं उसका उपचार भी चल रहा है। नगर क्षेत्र में कुछ लोग अपने गोवंशों को निराश्रित कर सड़कों पर छोड़ रहे हैं ऐसे लोगों का पता लगाकर उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी।

## बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी के विरोध में शिक्षा मित्रों ने दिया ज्ञापन


**कांठ ( शाह टाइम्स )** विकास खण्ड छजलैट के शिक्षामित्रो ने बोर्ड परीक्षा में गलत तरीके से डयूटी लगाने का विरोध कर खण्ड शिक्षादधिकारी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि उन्हें 10 हजार रुपए मानदेय मिलता है और



उनकी ड्यूटी 10 से 15 किलोमीटर की दूरी के स्कूलों में लगाई गई है। जिससे ड्यूटी को आने जाने में ही काफी खर्च होने पर उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। ज्ञापन में निकट केंद्र पर ड्यूटी लगाने की मांग कर कार्यालय लिपिक मुकेश कुमार एवं अफजाल अहमद पर सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया। इस मौके पर अमित कुमार, अरविन्द कुमार , सुभाष कुमार, पवन नागर, सरिता चौधरी आदि मौजूद रहे।

## पुन: साप्ताहिक बाजार लगवाने की मांग

**मुरादाबाद।** फुटपाथ व्यापारी एसोसिएशन मुरादाबाद ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि



अभी तक हमारा साप्ताहिक बाजार नहीं लग रहा है। फुटपाथ व्यापारी एसोसिएशन पुन: साप्ताहिक बाजार लगवाने की मांग की है। दिए गए ज्ञापन में सोनू, रियाज, हबीबउर्रहमान, जरीफ, तनवीर, मौ. गुफरान, राजा, जाहिद, शानू, शहानवाज, मुनीर सहित सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर थे।

## डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं

### किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता स्तर पर निवारण करें अधिकारी: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस के दौरान पूरे जिले से किसानों ने पहुंचकर जिलाधिकारी के सामने अपनी शिकायतें और समस्याएं रखीं। इस दौरान पशुओं में टीकाकरण, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, चौक मीटर, विद्युत चोरी और जुर्माना, मीटर बदलने संबंधित, चौक मीटर संबंधित, गन्ना मूल्य भुगतान, सड़कों की मरम्मत सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्रत्येक समस्या एवं शिकायत को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारी को त्वरित कायवाही कर निस्तारण करने के निर्देश दिए। पूर्व में आयोजित किसान दिवस के दौरान किसानों द्वारा दिए गए शिकायती पत्रों के निस्तारण के बारे में भी समीक्षा की गई तथा बारी-बारी से किसानों को उनकी शिकायतों के समाधान के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिए कि तहसीलवार किसानों की विद्युत संबंधी



समस्याओं का निस्तारण हेतु कैम्प लगाकर कार्यवाही करें। इसके साथ ही चकबंदी विभाग से संबंधित समस्याएं, खाद वितरण संबंधी समस्याएं, ग्राम समाज के अवैध कब्जे समस्याएं सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गयी। किसानों ने एमडीए द्वारा जनपद में चल रही अवैध प्लाटिंग की समस्या पर ससमय कार्यवाही नहीं किए जाने पर जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने एमडीए सचिव को उक्त समस्या का संज्ञान लेकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सतपाल अंतिल, एमडीए सचिव अंजुलता, उप निदेशक कृषि मुरादाबाद संतोष कुमार द्विवेदी, जिला कृषि अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला विकास अधिकारी जीबी पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी बैजनाथ सिंह, बन्दोवस्त अधिकारी चकबंदी राजेन्द्रराम, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं किसानबंधु मौजूद रहे।

## महदूद कलमी में सपाइयों ने बताई पार्टी की प्राथमिकता

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महदूद कलमी में बाबा साहब के सम्मान में पीडीए की संवाद चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के मुरादाबाद जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह



यादव एवं अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। वक्ताओं ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडकर को याद किया एवं उनके बनाए गए संविधान के बारे विस्तार से बताया जिन्होंने देश वासियों को एक सूत्र से बांधा। कहा कि यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील करते हुए कहा लिए बाबा साहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिसने सबको अधिकार दिलाने की बात कही। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली हनीफ चौधरी इदरीस अहमद माजिद अली सूफियान इस्लामुद्दीन चौधरी रिसालत नोमान अंसारी इब्ने हसन हाजी समद शाहिद खान आदि लोग मौजूद रहे।

## टिमिट के एमबीए कॉर्पोरेट के छात्रों का इंडस्ट्रियल विजिट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट के कॉर्पोरेट स्टडीज के छात्रों के लिए एक इंडस्ट्रियल विजिट का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने मुरादाबाद स्थित प्रसिद्ध पैरामाउंट एक्सपोर्ट हाउस का दौरा किया। इस विजिट का उद्देश्य छात्रों को व्यावसायिक दुनिया की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराना और निर्यात उद्योग की बारीकियों को समझना था। विजिट के दौरान छात्रों ने समझी इंडस्ट्री की बारीकियाँ और पैरामाउंट एक्सपोर्ट हाउस, जो कि मुरादाबाद के प्रमुख निर्यातकों में से एक है, विशेष रूप से हस्तशिल्प और धातु उत्पादों के निर्यात में अपनी उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है विजिट के दौरान छात्रों को प्रोडक्शन यूनिट, डिजाइन सेक्शन और क्वालिटी कंट्रोल विभाग का दौरा कराया गया। इस दौरान उद्योग के विशेषज्ञों ने उन्हें मेटल क्राफ्ट, ब्रासवेयर और अन्य एक्सपोर्ट प्रोडक्ट्स के निर्माण प्रक्रिया, अंत. रराष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों और निर्यात नीतियों की जानकारी दी। कंपनी के अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार एक उत्पाद को डिजाइन किया जाता है, उसे तैयार किया जाता है और फिर विद. ेशी बाजारों में निर्यात किया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने छात्रों को निर्यात प्रबंधन, विदेशी ग्राहकों की मांग को समझने और प्रतिस्पर्धी वैश्विक बाजार में बने रहने की रणनीतियों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर टीमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने छात्रों को इस औद्योगिक दौरे के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा, ष्इस तरह के इंडस्ट्रियल विजिट छात्रों को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक व्यावसायिक दुनिया को समझने का अवसर देते हैं निर्यात उद्योग में मुरादाबाद की एक विशेष पहचान है और इस विजिट से छात्रों को एक्सपोर्ट बिजनेस की



बारीकियों को सीखने में मदद मिलेगी। उन्होंने छात्रों को सीखने की इस प्रक्रिया को जारी रखने और अपने ज्ञान को इडस्ट्री में व्यावहा. रिक रूप लागू करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने जताई उत्सुकता और इस विजिट को अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अनुभव बताया। उन्होंने इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से बातचीत कर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया और निर्यात प्रबंधन से जुड़े कई सवालों के जवाब भी सीखे इस विजिट ने उन्हें वास्तविक व्यावसायिक चुनौतियों को समझने और भविष्य में इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया। टिमिट द्वारा आयोजित यह इंडस्ट्रियल विजिट छात्रों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक रहा और इससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव के साथ-साथ इंडस्ट्री के कार्यप्रणाली को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज ( सी०डि० ) प्रथम, महोदय-जिला मुरादाबाद।**

**मूलवाद संख्या :** 964 सन् 2016

तारीख पेशी: 20.03.2025

**मौ० आरिफ बनाम मकसूद खां आदि।**

**बनाम**

1. मकसूद खां पुत्र महमूद खां निवासी अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. श्रीमति नुसरत पत्नी इरशाद निवासी अगवानपुर तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 03 के दिवस 20 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 02 के दिवस 19 को निकाली गयी है।

**प्रबंधक**

**अपर सिविल जज ( सी०डि० ) प्रथम, जनपद-मुरादाबाद।**

**सार्वजनिक सूचना**

सूचित किया जाता हैं कि **सिविल वाद संख्या:** 36/2019 **मौ० आरिफ बनाम मौ० उमर आदि** में आदेश दिनांक 14.02. 2025 के अनुपालन में वाद पत्र में लिखित सम्पत्तियों की खरीद-फरोख्त अविधिक हैं। खरीद-फरीख्त करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। **मौ० आरिफ पुत्र मौ० उमर निवासी रहमतनगर पाकबड़ा, जिला मुरादाबाद। मोबाईल नं० 9068160262**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**

**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 425/2024

**तारीख पेशी:** 25.02.2025

**श्रीमती शारदा देवी बनाम श्रीमती प्रीति गुप्ता आदि।**

श्रीमती शारदा देवी उम्र 64 वर्ष पत्नी स्व. राम बहादुर शाह निवासी सी-54 हनुमान नगर लाइनपार तहसील व जिला मुरादाबाद-**वादनी।**

**बनाम**

1. श्रीमती प्रीति गुप्ता उम्र 40 वर्ष पत्नी स्व. आनन्द कुमार पुत्रवधु, 2. वंश गुप्ता उम्र 14 वर्ष पुत्र स्व. आनन्द कुमार नाबालिग, 3 आराध्या गुप्ता उम्र 10 वर्ष पुत्री स्व. आनन्द कुमार नाबालिग नाबालिगान द्वारा सर्रक्षिका सगी माता श्रीमती प्रीति गुप्ता, 4. रविन्द्र कुमार उम्र 38 वर्ष पुत्र स्व. राम बहादुर शाह, 5. राधारानी उम्र 35 वर्ष पुत्री स्व. रामबहादुर शाह पत्नी मोहित गुप्ता निवासीगण सी-54 हनुमान नगर लाइनपार तहसील व जिला मुरादाबाद, 6. **जनता आम** मौ. हनुमान नगर लाइनपार तहसील व जिला मुरादाबाद-**विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा **श्रीमती शारदा देवी** हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती शारदा देवी मुसबफा स्व. रामबहादुर शाह अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 10,00,000-50,000/एफडीआर हरगाह मुसम्मा श्रीमती शारदा देवी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 25 माह 02 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**अहलमद**

**सिविल जज ( सी०डि० ), जनपद- मुरादाबाद।**

# समाचार एक नज़र में

## पेंशन व वेतन ऐरियर को लेकर से.नि. कर्मचारी हुए लामबंद

**चन्दौसी।** यूपी रोडवेज सेवानिवृळा कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में बुधवार को सेवानिवृळा कर्मचारियों की पेंशन एवं छठे माह वेतन का ऐरियर एवं 2002 से लांबित डी.ए. की किश्तों को लेकर परिवहन व अन्य विभागों के कर्मचारी लामबंद हुए। मीटिंग में अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, सम्भल, मुरादाबाद, बिजनौर आदि से सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी एकत्र हुए जिसमें प्रांतीय महामंत्री ने आगामी 09 मार्च को लखनऊ के विशाल प्रदर्शन में सम्मिलित होने का आवाह्न किया। इस दौरान लक्ष्मीचंद्र भारती, एस.सी. दुबे, टी.ए. खान, अशोक सक्सैना, फूलसिंह, राकेश शर्मा, दिनेश सिंह, मुनीष पाठक, शाहिद अली, डी.के. शर्मा, श्यामलाल, मुन्नू खां, रामपाल सिंह, अनिल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## छत्रपति शिवाजी महाराज की भी जयंती मनाई

**बिलारी।** श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती मुरादाबाद जिला अध्यक्ष पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने संघ के द्वितीय सरसंघचालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये। इस के अलावा छत्रपति शिवाजी महाराज की भी जयंती मनाई। इस मौके पर विनोद कुमार मिश्रा ने हिंदू हृदय सम्राट बड़े ही साहसी अंग्रेजों का छक्के छुड़ाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर संघ के कार्यकर्ता राक. ेश कुमार प्रजापति, कौशल सागर, दीपक कुमार विश्नोई, किशन कश्यप, पद्मेंद्र यादव, ऋषिपाल सिंह यादव खंड शारीरिक प्रमुख नेतराम यादव, पुष्पेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह यादव, श्रीमती मीनू यादव, कुमारी अंजली सागर, कुमारी शिवानी, सनी, सोनी एवं वैशाली उपस्थिति रही।

## कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क निर्माण से संबंधित अनेक विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव दिए। विधायक रामवीर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा करते हुए बताया की कुंदरकी



विधानसभा में लगभग 8 की आबादी जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्र में निवास करती है, जनपद के सबसे अधिक ग्राम कुंदरकी विधानसभा में आते है। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ग्रामीणों को कई बार काफी दूरी तय करनी पड़ती है।रामबीर सिंह ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत डींगरपुर और सिरसखेड़ा में राजकीय डिग्री कॉलेज निर्माण, ग्राम पंचायत लालाटीकर में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज निर्माण, धर्मार्थ योजना के अंतर्गत गागन नदी एवं कोसी नदी पर पुल निर्माण कार्य तथा क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं सिद्धपीठ मंदि. रो पर हाइवे से जोड़ने के लिए सड़क निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों का पुनर्निर्माण कार्य तथा लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत नई सड़कों के कायाकल्प एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर छीराबली, परशुपुरा बाजे और लालाटीकर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना की मांग करते हुए प्रस्ताव दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।


## कार्यालय-सचिव ग्राम पंचायत मुंड़िया
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2024-25 दिनांक: 19.02.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मुंड़िया विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2023 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 06.03.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 06.03. 2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | सामग्री की अनुमानित लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ताहिर के मकान से शाकिर के मकान तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 35.50 मी0 | 181144.42 | 100 | 2% | 3 माह |

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मुंड़िया**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

**सम्मन वास्ते करारदार तनकीह तलब**
**( नमूना काबिल फरोक्त )**
**( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )**
**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज**
**( सी.डि. ) न्यू कोर्ट नं0-1, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या 496 सन 2024**
**तारीख पेशी: 04.03.2025**

केनरा बैंक शाखा गुलाबबाडी द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति शिल्पी रस्तौगी पुत्री श्री बृज नन्दन रस्तौगी (शाखा प्रबन्धक) आयु लगभग 33 वर्ष कार्यालय केनरा बैंक शाखा गुलाबबाड़ी मुरादाबाद-244001 (उत्तर प्रदेश)-**मुद्दई।**

**बनाम**

1. मैसर्स डायनामिक मेटल्स द्वारा प्रोप्राईटर श्री मुईज अहमद उर्फ मुनीज अहमद आयु लगभग 36 वर्ष पुत्र श्री अनवार अहमद निवासी फैज गंज पूर्वी हाकिम मुश्ताक गली, मुरादाबाद-244001 ( **ऋणी** ) 2. मौहम्मद अदनान आयु लगभग 33 वर्ष पुत्र मौहम्मद शमीम निवासी निकट लैण्डमार्क स्कूल तहसील व जिला मुरादाबाद (गारन्टर)-**मुद्दाअलह।**

हरगाह केनरा बैंक शाखा गुलाब बाड़ी मुरादाबाद ने आपके नाम एक नालिश बाबत ऋण वसूली के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख **04 मार्च सन् 2025** ई० वक्त **10.00** बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपकी मनसुओं और फैसला होगा दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख **12 माह फरवरी सन् 2025** ई० जारी किया गया।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( सी0डि0 )**
**न्यू कोर्ट नं0 1, मुरादाबाद।**

**सम्मन वास्ते करारदार तनकीह तलब**
**( नमूना काबिल फरोक्त )**
**( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )**
**न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज**
**( सी.डि. ) न्यू कोर्ट नं0-1, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या: 380 सन 2023**
**तारीख पेशी: 27.02.2025**

निकहत राना एडवोकेट पुत्री मौहम्मद अय्यूब खान आयु लगभग 42 वर्ष निवासनी जामा मस्जिद के सामने कोर्ट पूर्वी सम्भल, हाल निवासनी ग्राम भीमाठेर तहसील व जिला मुरादाबाद। **मुद्दई**

**बनाम**

1. श्रीमती जोहा हिमायूँ पत्नी मौहम्मद फैजान आयु लगभग 29 वर्ष निवासनी ए-2/एन, जिगर बस्ती, मौसम पैलेस के पास शहर व जिला मुरादाबाद-244001 2. मौहम्मद फैजान पुत्र मौहम्मद शाकिर आयु लगभग ३ वर्ष निवासी ए-2/एन, जिगर बत्ती, मौसम पैलेस के पास शहर व जिला मुरादाबाद-244001-**मुद्दाअलह।**

हरगाह **निकहत राना एडवोकेट** ने आपके नाम एक नालिश बाबत स्थाई निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख **27 फरवरी सन् 2025** ई० वक्त **10.00** बजे दिन के असालतान या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जा जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपकी मनसुओ और फैसला होगा दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख **11 माह फरवरी सन् 2025** ई० जारी किया गया।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( सी0डि0 )**
**न्यू कोर्ट नं0 1. मुरादाबाद।**


# उत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने मुरादाबाद रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**मुरादाबाद।** बुधवार को उत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ने मण्डल के मुरादाबाद स्टेशन का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ( पी आई एस )/उत्तर रेलवे/ वंदना भटनागर ने मुरादाबाद स्टेशन पर पार्सल ऑफिस,एक स्टेशन एक उत्पाद स्टाल, रिटायरिंग रूम, एटीवीएम आदि का निरीक्षण किया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी ( पी आई एस )/उत्तर रेलवे ने स्टेशन पर पार्सल ऑफिस में पीएमएस ( पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम ) की जानकारी भी ली।उन्होंने आगत शेड, निर्गत शेड, ट्रांजिट ऑफिस, लगेज काउंटर एवं क्लॉक रूम का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से संवाद स्थापित करते हुए पार्सल संबंधित समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उसके निवारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया। स्टेशन परिसर




में एक स्टेशन एक उत्पाद स्टाल, वीआईपी लाउंज, पार्सल पैकिंग कॉन्ट्रैक्ट के अतिरिक्त स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर यात्रियों को और अधिक सुविधा मिले इसके सार्थक प्रयास हेतु निर्देशित किया। मुख्य प्रशास. निक अधिकारी ( पी आई एस )/उत्तर रेलवे के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक ( फ्रेट ) ऋचा शर्मा आदि रेलवे अधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना सिविल लाइंस पुलिस ने 15 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाईन्स पुलिस ने 15 हजार रुपये के ईनामी वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनि. राज जी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सतपाल अंतिल के आदेशानुसार पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एंव




क्षेत्राधिकारी सिविल लाईन्स के कुशल पर्यवेक्षण में थाना सिविल लाईन्स पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये 15000 रूपये के पुरुष्कार घोषित/वांछित अभियुक्त सजीव कुमार उर्फ संजीव राणा पुत्र सतीश सिह निवासी- बुरावली हसनपुर अमरोहा को मुरादाबाद जनपद के थाना सिविल लाईन्स क्षेत्र सोनकपुर रेलवे पुल के पास से गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़ा गया वांछित आरोपी थाना सिविल लाईन्स का पुरुष्कार घोषित अपराधी है। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के द्वारा 15,000 रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी सजीव कुमार उर्फ संजीव राणा वर्ष 2024 से वांछित चल रहा था।

## दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओ में पति सहित सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** हथियार के बल पर विवाहिता के साथ जबरन बलात्कार करने , जान से मारने की धमकी देने सहित दहेज में कार और 10 लाख रूपये की खातिर मारपीट कर तीन तलाक देकर घर से निक. ालने के मामलें में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के गांव फौलादपुर निवासी निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी शादी जनपद रामपुर के थाना दढ़िघ्याल ग्राम धम्मन निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। दहेज लोभी दहेज में 10 लाख रूपये और कार की मांग करने लगे। रात्रि में करीब 9.00 बजे कमरे थे। तभी अब्बास कमरे में घुस आया और चाकू की नोंक पर जबरन बलात्कार किया। जब मैने इसकी शिकायत अपने पति से कहा कि उसके पति ने उसके पीटा और तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने आबिद अली, अब्बास, आकिल, आसिफ, राबिया, फरीदा अली रजा पुत्र नामालूम निवासी ग्राम परमानन्दपुर, थाना-काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न के धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिव भक्त हरिद्वार से कावंड़ में गंगा जल लेने के लिए रवाना

**ठाकुरद्वारा।** 26 फरवरी को महाशिव रात्रि पर भगवान शिव का गंगा जल से जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार के लिए शिव भक्त कांवड़ में गंगा जल लेने के लिए भगवान शिव के जयकारों के साथ रवाना। बतादें कि 26 फरवरी को महाशिव रात्रि है। महाशिव रात्रि पर भगवान शिव का गंगा जल से जलाभिषेक किया जाता है। बुधवार को महाशिव रात्रि पर गंगा जल से जलाभिषेक करने के लिए अपने अपने वाहनों से शिव भक्त हरिद्वार से कांवड़ में गंगा जल लेने के लिए रवाना हो गए। गंगा लेने के लिए क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला, मैसूवाला, मानवाला, शरीफनगर, सुरननगर , रतूपुरा, गोपीवाला सहित अन्य गांवो से शिव भक्त भगवान शिव का गंगा जल से जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने के लिए रवाना हुए।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र पर तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के निर्देशन में तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण में एआरपी पीयूष कुमार प्रशांत द्वारा शारदा कार्यक्रम के तहत परिवार सर्वेक्षण, चिन्हांकन, नामांकन और बच्चों के ठहराव पर चर्चा की गई। एआरपी सतीश मोहन द्वारा हिंदी, अंग्रेजी,गणित,हमारा परिवेश आदि विषयों के संघनित पाठ्यक्रम पर विस्तार पूर्वक बताया गया। नवनीत बिश्नोई द्वारा शारदा यानि स्कूल हर दिन आयें,कार्यक्रम में बच्चों का विद्यालय से जुड़ाव बनाए रखने के लिए उन्हें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जोड़े रखने पर बल दिया। प्रशिक्षण में ए. आर.पी. योगराज सिंह,कृष्ण कुमार



गौतम,अवधेश कुमार,विवेक आर्य,नितिन कुमार,दिनेश कुमार मौर्य,महमूद नासिर, विनीता चौधरी, श्वेता रस्तोगी, अंजलि सिंह, यशिका, सपना चौहान सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

## पीएम आवास की किस्त जमाना करने वालों का कब्जा होगा निरस्त, एमडीए ने कराई मुनादी

**मुरादाबाद।** प्रधानमंत्री आवासमुनादी योजना (शहरी) की नया मुरादाबाद पॉकेट 01 एवं पॉकेट 02, शाहपुर तिगरी गाटा सं0 357, लाकड़ी फाजलपुर गाटा सं0 2407, ढक्का तथा सोनकपुर परियोजनाओं के ऐसे लाभार्थी, जिनके द्वारा भवन का कब्जा प्राप्त कर लिया गया है एवं किश्तों का समय से भुगतान नहीं किया जा रहा है, को पत्र प्रेषित करने के साथ-साथ परियोजना में सूची चस्पा कराते हुए मुनादी करायी जा रही है। नया मुरादाबाद पॉकेट 02, तथा लाकड़ी फाजलपुर गाटा सं0 2407 में सूची चस्पा कराने के साथ मुनादी करायी जा चुकी । नया मुारदाबाद पॉकेट 01 परियोजना में सूची चस्पा कराने के साथ मुनादी करायी गयी। अन्य शेष योजनाओं में नोटिस प्रेषित करने के साथ सूची चस्पा कर मुनादी करायी जायेगी। निर्धारित समयावधि में धनराशि जमा न कराये जाने पर भवन का आवंटन निरस्त कर भवन का कब्जा वापस प्राप्त करते हुए आवंटन से वंचित पात्र लाभार्थियों के मध्य लॉटरी ड्रॉ कराते हुए आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। उक्त के अतिरिक्त जिन लाभार्थियों द्वारा भवन का कब्जा प्राप्त नहीं किया गया एवं किश्तों का समय से भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनको भी पत्र प्रेषित किये जाने की कार्यवाही संचा. लित है। समय से भुगतान न करने पर भवन निरस्त कर दिया जायेगा।




## कार्यालय नगर पंचायत कुंदरकी, मुरादाबाद

**पत्रांक:-1088 / न0पं0कु0/2024-25** **दिनांक:-19/02/2025**

**-: Retender ई-निविदा सूचना :-**

सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुन्दरकी, मुरादाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग /नगर फण्ड़ की प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 20.02.2025 को ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। कार्यों की विस्तृत सूचना एवं ई-निविदा की शर्तें बेबसाईट **https://etender.up.nic.in** व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। ई-निविदाएँ दिनांक 23.02. 2025 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 12.03.2025 की शाम 05.00 बजे तक डाउन लोड़ व अपलोड़ की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाएँ दिनांक13.03.2025 को कार्यालय अपरजिलाधिकारी (प्रशासन) मुरादाबाद में अपरान्ह 02.00 बजे ई-निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जाऐंगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कुंदरकी**
**मुरादाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कुंदरकी**
**मुरादाबाद**


## शिवरात्रि पर रुद्राभिषेक व अग्र महिला सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम मंदिर में अग्रवाल सभा की ओर से रुद्राभिषेक सभा संपन्न हुई। जिसमें कार्यक्रम के संयोजक शरद अग्रवाल, गौरव मित्तल व आशीष बंसल उपस्थित रहे। सभा में सभी सदस्यों ने बड़े प्रेम भाव से शिव भगवान



का रुद्राभिषेक कर शिव भगवान का आशीर्वाद लिया। वहीं महिला दिवस के अवसर पर चार अग्र महिलाएं जिसमें डॉक्टर पूनम बंसल-कवियत्री व काउंसलर-नारी उत्थान केंद्र आर्किटेक्ट- वर्षा गर्ग, प्रियांशी अग्रवाल ड.ज्मबी, रुचि अग्रवाल -जूडो खिलाड़ी व कोच का अग्रवाल सभा द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर साध्वी गुप्ता ने अपने भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश अग्रवाल ने व संचालन सीए अजीत कुमार अग्रवाल- मंत्री-द्वारा किया गया। सभा में कोषाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अजय गुप्ता, शरद अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, रचित अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि अन्य कार्यकारिणी सदस्य- अनिल अग्रवाल भट्टे वाले, सीए प्रवीन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, नलिन अग्रवाल, सुधीर कंसल, अनुराग अग्रवाल, गौरव मित्तल, सौरभ अग्रवाल, डॉ. पंकज दर्पण, रतन अग्रवाल, सुधांशु अग्रवाल, विजय अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश सिंघल, राजीव कुमार अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अरविंद कुमार अग्रवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, अरुण गोयल, अमरीश अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, रॉबिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अमित गर्ग, राकेश जिंदल मौजूद रहे।

## दंपति को पीटकर किया घायल

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला में दंपति को मारपीट करके घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर के बाद पुलिस ने चार लोगों पर मुक. दमा दर्ज किया है।रामकिशोर गोस्वामी ने मुकदमा दर्ज कराया कि वह अपने मोहल्ले में होने वाली दावत में जा रहा था। रास्ते में सत्यपाल ने उसे देखकर गालियां देनी शुरू कर दी,जब गाली देने का विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया किसी तरह से जान बचाकर वह वहां से घर आ गया। तभी सत्यपाल व उसकी पत्नी रानी के अलावा बेटी पूजा, दामाद अर्जुन उसके घर पर आ गए और मारपीट करने लगे।इस बीच पत्नी नर्मदा उसे बचाने के लिए आई तो उसकी पत्नी के साथ भी मारपीट की। जिससे चोटें आई। तहरीर के बाद पुलिस ने चार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

## कृषकगण लाईसेंस प्राप्त शीतगृहों में ही अपने आलू का करें भण्डारण: उप निदेशक उद्यान

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मण्डल में आलू उत्पादक किसानों द्वारा निजी शीतगृहों में आलू भण्डारण करते समय सावधनी रखने के संबंध में बताया कि इस वर्ष मौसम के अनुकूल रहने से मण्डल में आलू की अधिक पैदावार होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कृषकों को निजी शीतगृहों में आलू भण्डारण में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए कृषकों को निम्न सुझाव है। उप निदेशक उद्यान पूजा ने बताया की प्राय: देखा गया है कि बिना लाईसेन्स नवीनीकरण के शीतगृहों द्वारा कृषकों का आलू भण्डारित कर लिया जाता है और भण्डारणकर्ताओं के आलू में क्षति होने पर वाद/विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। कृषकगण लाईसेंस प्राप्त शीतगृहों में ही अपने आलू का भण्डारण कराए। कृषकगण अपने आलू को सही प्रकार से छटवाकर, सुखाकर एवं अपने चिन्हाकंन सहित पैकिंग कराकर शीतगृह में भण्डारण कराए, ताकि आलू में किसी प्रकार की क्षति न हो। शीतगृह में आलू भण्डारण के समय लगने वाली लम्बी कतार एवं सड़क जाम की समस्या से बचने के लिए शीतगृहों से संपर्क कर पूर्व बुकिंग करा ली जाये। आलू उत्पादक किसानों की समस्याआं के निराकरण के संबंध में शीतगृहों पर आलू किसान अधिकार पत्र लागू हुए हैं, आलू भण्डारण में अन्य किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला उद्यान अधिकारी मुरादाबाद बैजनाथ सिंह-9454612709, जिला उद्यान अधिकारी सम्भल सुघर सिंह-8707489168, जिला उद्यान अधिकारी अमरोहा/बिजनौर श्री आर0एन0 वर्मा-8077622392, जिला उद्यान अधिकारी रामपुर रमेश चन्द्र रणा 9870775911 से संपर्क किया जा सकता है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## दिल्ली कैपिटल्स ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी करेगी

**वड़ोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को टॉस जीतकर वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के छठे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि टीम के यहां रिकॉर्ड को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि टीम मे एक बदलाव है राधा यादव की जगह निकी प्रसाद की टीम में वापसी हुई हैं। वहीं यूपी वॉरियर्ज की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि वे पहले गें. दबाजी करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम मे दो बदलाव है अलाना लकग और साइमा ठाकोर की जगह चिनले हेनरी और राज. ेश्वरी गायकवाड़ को टीम में जगह दी गयी है।

## मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन

**मुम्बई, वार्ता।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे को कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां और आज सुबह छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1966 से 1977-78 तक कुल 52 मैच खेलते हुए 126 विकेट लिए। कुल 23.56 की और औसत से 1532 रन भी बनाए। मुंबई के पूर्व कप्तान ने 1960 और 70 के दशक में एक दशक से अधिक समय तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद रेगे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में विभिन्न पदों पर जुड़े रहे। उनके अलग-अलग कार्यकाल में चयनकर्ता और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी कार्य किया। 1988 में जब युवा तेंदुलकर को रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया।



# विल यंग-लेथम के शतक से न्यूजीलैंड तीन सौ पार पहुंची



### न्यूजीलैंड ने उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया

**कराची, वार्ता।** टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया।

कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाए। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने दो-दो विकेट लिये। अबरार अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।







# यश की फिफ्टी, विदर्भ को 260 रनों की बढ़त

**■ रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया**

**नागपुर, वार्ता।** विदर्भ ने यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) की पारियों के दम पर रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को मुम्बई के खिलाफ 260 रनों की बढ़त बना ली हैं। यहां इससे पहले विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया था। पहली पारी के आधार पर 113 रनों की बढ़त के साथ दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए थे। इसके बाद यश राठौड़ और अक्षय वड़कर ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए है। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने चार विकेट पर 147 रन बना लिए और उसकी बढ़त 260 रनों की हो गई है। स्टंप के समय यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने दो विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर और तनुष कोटियान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ विदर्भ को पहली पारी के आधार 113 रनों की बढ़ हासिल हो गई।

## आकाश का शतक, पार्थ ने मुंबई को 270 पर समेटा

**नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को आकाश आनंद (106) की शतकीय पारी के बीच विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया।

# गिल-तीक्षणा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

● **एक दिवसीय में शीर्ष-10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी है, रोहित, कोहली और अय्यर शामिल**

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं।

वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग लगाकर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। यहां जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार एकदिवसीय में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी हैं। इसमें गिल के अलावा रोहित शर्मा 761 अंके के साथ तीसरे स्थान पर, विराट कोहली 727 अंक के साथ छठे स्थान पर और श्रेयस अय्यर 679 अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। श्रेयस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल के रेटिंग अंक 796 हैं, जबकि बाबर का रेटिंग अंक 773 हैं। रोहित के रेटिंग अंक 761 हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन 756 रेटिंग अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 740 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यह श्रृंखला 3-0 से जीती थी, जिसमें गिल ने 87, 60 और 112 रन बनाए। वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे उन्होंने 86-33 की औसत और 103-60 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए। अगले सर्वोच्च स्कोरर श्रेयस अय्यर 181 रन बनाकर गिल से 78 रन पीछे रहे। इंग्लैंड के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के बाद, श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर 713 अंकों के साथ सातवें स्थान पर और वेस्टइंडीज के शाई होप 672 अंक के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। राशिद खान के रेटिंग अंक 679 है। गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 652 अंके साथ चौथे स्थान पर तथा मोहम्मद सिराज 624 अंके साथ 10वें स्थान पर बने हुए है। नाम. ीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 662 अंके साथ तीसरे, पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी 646 अंके साथ पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज 642 अंके साथ छठे, न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर 639 अंक के साथ सातवें, न्यूजीलैंड मैट हेनरी 632 अंके साथ आठवें और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती 632 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं।

## शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप में एसेक्स के लिए खेलेंगे

**नागपुर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप के शुरुआती चरण में एसेक्स के लिए खेलेंगे। शार्दुल ने काउंटी में खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया है। शार्दुल ठाकुर अप्रैल और मई के दौरान सात मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह पहली बार काउंटी किकेट में खेलेंगे। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 100 से अधिक विकेट लिए हैं और आखिरी बार 2023-24 के दक्षिण अफीका दौरे पर खेले थे। घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में मुंबई को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका रही है। उन्होंने 21-67 की औसत से 34 विकेट लेने के साथ-साथ 400 से अधिक रन बनाए हैं। एसेक्स की टीम के साथ हुए अनुबंध पर ठाकुर ने कहा कि मैं इस गर्मी में एसेक्स से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए नए अवसर और चुनौतियां लेकर आएगा, जिससे मैं अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित कर सकूं। काउंटी क्रिकेट खेलने की मेरी हमेशा से इच्छा थी और मैं खुश हूं कि मैं इस टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। एसेक्स के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने कहा, ह्हम शार्दुल ठाकुर के साथ करार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी ने भारत को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी ने पुरुष एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जर्मनी के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग ने (सातवें) मिनट, थिएस प्रिंज ने (14वें) मिनट, मिशेल स्ट्रुथॉफ ने (48वें) मिनट और राफेल हार्टकोफ ने (55वें) मिनट में गोल किए। वहीं भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने (13वें )मिनट में किया। पहले क्वार्टर में जर्मनी की ओर से फ्लो. रियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

# प्रियांक के नाबाद शतक से गुजरात की ठोस शुरुआत



**■ प्रियांक पांचाल ने नाबाद 117 रन और आर्य देसाई ने 73 रनों की शानदार पारी खेली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) की शतकीय और आर्य देसाई (73) की अर्द्धशकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को केरल के खिलाफ ठोस शुरुआत की। इससे पहले आज मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 177) की शतकीय की बदौलत केरल ने 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात के लिए प्रियांक पांचाल और आर्य देसाई की सलीम जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 113 रन जोड़े। एनपी बासिल ने शतक की ओर बढ़ रहे आर्य देसाई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (78) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय गुजरात ने एक विकेट पर 222 रन बना लिए थे। स्टंप के समय प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) और मनन हिंगराजिया (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद थे। केरल की ओर से एनपी बासिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। केरल ने कल के सात विकेट पर 418 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र की शुरुआत में चिंतन गजा ने आदित्य सरवटे (11) को बोल्ड कर केरल को आठवां झटका दिया। इसके बाद एम डी निधीष (पांच) रनआउट हुए। हालांकि इस दौरान मोहम्मद जहरुद्दीन एक छोर थामे खड़े रहे। चिंता गजा ने एनपी बासिल (एक) को आर्य देसाई के हाथों कैच आउट कराकर केरल की पहली पारी का अंत कर दिया। आज केरल ने 39 रन जोड़ कर अपने तीन विकेट गवां दिए। केरल ने अपनी पहली पारी में 187 ओवर में 457 रन बनाए। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला ने तीन विकेट लिए। चिंतन गजा को दो विकेट मिले।

## बेन कर्रन का शतक, जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया

**बेन कर्रन ने नाबाद 118 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया**

**हरारे, वार्ता।** बेन कर्रन (नाबाद 118) की शतकीय और कप्तान क्रेग एर्विन (नाबाद 69) की अर्द्धशकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 63 गेंदे शेष रहते आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 124 रन जोड़े। 20वें ओवर में ग्रेम ह्यूम ने ब्रायन बेनेट (48) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। बेन कर्रन ने 130 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। वही क्रेग एर्विन ने 59 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 69)रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 39-3ओवर में 246 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग (नौ) और कर्टिस कैमफर (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी टेक्टर ने एंडी बैलबर्नी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 86 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा एंडी बैलबर्नी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एंडी बैलबर्नी ने 99 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (64) रनों की पारी खेली। इसके बाद 39वें ओवर में रिचर्ड एन्गरावा ने हैरी टेक्टर (51) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# स्पेन की महिला टीम ने भारत को 4-3 से रौंदा



**■ भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर, साक्षी राणा और रुताजा ने दागे गोल**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** स्पेन की महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को 4-3 से हराया। यहां भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर ने (19वें) मिनट में, साक्षी राणा ने (38वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (45वें) मिनट में गोल किए। स्पेन की ओर से एस्टेल पेटचैम ने (25वें और 49वें) मिनट, सोफिया रोगोस्की ने (21वें) और कैप्टन लूसिया जिम. ेनेज ने (52वें) मिनट में गोल दागे। पहला क्वार्टर कड़े मुकाबले के बीच गोल राहित रहा। दूसरे क्वार्टर में मैच की शुरुआत हुई, जिसमें छह मिनट के अंतराल में तीन गोल हुए। 21वें मिनट में दीपिका ने बाईं ओर से रिवर्स हिट मारा, जिसे बिना निशान वाले बलजीत ने गोल में पहुंचा कर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल किया। इसके दो मिनट बाद स्पेन ने रोगोस्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। इसके बाद स्पेन की एस्टेल पेटचैम ने 25वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर के 38वें मिनट में साक्षा राणा ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने एक और स्पेन ने दो गोल किए। बराबरी का गोल करने की बेताबी में भारत ने मैच के आखिरी चार मिनट तक अपने गोलकीपर के बिना खेला।

## वाटिका बनाम सुदेवा मुकाबला रहा ड्रा



**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग में आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। सुदेवा के लिए गोल संखिल डरपोल ने और वाटिका की ओर से जवाबी गोल कुशाग्र कक्कर ने जमाया। दिन के पहले मुकाबले में अंक तालिका में टॉप पर चल रहे सीआई एस एफ ने फिसढी यूनाइटेड भारत एफसी को बमुश्किल 2-1 से हराया। वाटिका के गोल कीपर यश कुलकर्णी औ़ सी आई एस एफ के मोहम्मद खालिद को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। सी आई एस एफ के गोल मोहम्मद खालिद और शक्तिनाथ ने किए। पराजित यूनाइटेड भारत का गोल जहां ने किया। वाटिका और सुदेवा के बीच खेला गए मैच में लक्ष्यविहीन खेल ज्यादा हुआ। शुरुआत में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन अंतिम तीस मिनट में कुछ बेहतरीन मूव बने, जिन पर दो गोल पड़े। वाटिका के गोली यश की गलती का फायदा उठाते हुए संखिल डरपोल ने 68 वें मिनट में सुदेवा को बढ़त दिलाई।

# मुंबई ने गुजरात को पांच विकेट से दी मात



**वड़ोदरा, वार्ता।** नेट सायबर ब्रंट (दो विकेट/ 57रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पांचवें मुकाबले में 23 गेंदे शेष रहते गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया।

गुजरात जायंट्स के 120 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। हेली मैथ्यूज (17) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद सातवें ओवर में प्रिया मिश्रा ने यास्तिका भाटिया (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया केर (19) रन बनाकर आउट हुई। नेट सायबर ब्रंट ने 39 गें. दों में 11 चौके लगाते हुए (57) रनों की पारी खेली। संजीवन सजना (10) रन बनाकर नाबाद रही। मुम्बई इंडियंस ने 16-1 ओवर में 122 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात की ओर से काश्वी गौतम और प्रिया मिश्रा ने दो- दो विकेट लिए। तनुजा कंवर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक अपने चार विकेट 28 के स्कोर पर गवां दिए। बेथ मूनी (एक), लॉरा वुलफार्ट (चार), दयालन हेमलता (नौ) और कप्तान एश्ली गार्डनर (10) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल और काश्वी गौतम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने काश्वी गौतम (20) को आउटकर मुंबई को पांचवी सफलता दिलाई। डिएंड्रा डॉटिन (सात) रन बनाकर आउट हुई। सिमरन (तीन), तनुजा (13) रन बनाकर आउट हुई।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत

## ● पाकबड़ा के रहने वाले थे मृतक

## चौधरपुर के पास हाईवे पर हुई दुर्घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डिडौली थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे पर गांव चौधरपुर के पास एक ट्रक ने पहले डीसीएम को टक्कर मारी। इसके बाद बाइक सवार परिवार को भी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 40 वर्षीय इफ्तेखार और उनके 8 वर्षीय बेटे शानिब की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मुरादाबाद के थाना पाकबड़ा क्षेत्र के भारली के रहने वाले थे। इफ्तेखार की पत्नी फूल जहां भी इस हादसे में घायल हो गई। डीसीएम में सवार फैसल और शाहरुख भी इस हादसे में घायल हुए हैं। दोनों संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के शहबाजपुर गांव के रहने वाले हैं।




मृतक पिता-पुत्र के फाइल फोटो

# खतापुर में 82.99 तो सिरसा ठाट में 71.67 प्रतिशत मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ ( शाह टाइम्स )** ब्लॉक छजलेट की ग्राम पंचायत खतापुर और सिरसा ठाट में हुए प्रधान के लिए उप चुनाव का मतदान प्रतिशत काफी रहा अधिकारियो ने चुनाव सम्पन्न होने पर राहत की सांस ली है। ब्लॉक छजलेट की ग्राम पंचायत सिरसा और खतापुर के प्रधान की मृत्यु होने के उपरांत आज उपचुनाव के लिए मतदान हुआ मतदान सुबह ठीक समय पर शुरू हुआ जिसमें मतदान का प्रतिशत दोपहर 1:00 बजे खतापुर 58.93 और सिरसा ठाठ का 48.32 रहा इसके बाद 3:00 बजे मतदान का प्रतिशत खातापुर 74.69 और सिरसा का 65.30 हो गया लेकिन शाम 5 बजते बजते मतदान ने रफ्तार पकड़ ली और 82.99 एवं 71.67 प्रतिशत हो गया। अधिकारियों ने सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर डेरा डाल दिया था जिसके तहत मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ चुनाव के संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली और मत पेटियों को स्ट्रांग रूम में दाखिल कराया।






## छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** बुधवार को एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मराठा साम्राज्य के छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा० हेमंत कुमार व डा० रामअधार सिंह यादव द्वारा मां सरस्वती व छत्रपति शिवाजी महाराज को चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ हेमंत कुमार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का व्यक्तित्व निराशा में आशा का संचार करने वाला है। शिवाजी महाराज का जन्म एक ऐसे समय पर हुआ जब मुगलिया सल्तनत में हिंदू साम्राज्य की बात करना घातक होता था। शिवाजी महाराज ने तत्कालीन मुगल बादशाह औरंगजेब की सत्ता को चुनौती देते हुए महाराष्ट्र में हिंदू साम्राज्य की स्थापना करके भारत के मस्तक को ऊंचा किया। डॉ रामअधार सिंह यादव ने छत्रपति शिवाजी के जीवन के वृतांत छात्रों को सुनकर उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डा० स्तुति वशिष्ठ, डा० विशेष पांडेय, डा० स्कंद, डा० कादंबरी मिश्रा, प्रिया श्रीवास्तव, डा० वंदना गुप्ता, डा० पूजा अग्रवाल, आदि सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# समाचार एक नज़र में

## मानक ब्यूरो की तृतीय गतिविधि पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में भारतीय मानक ब्यूरो की तृतीय गतिविधि पोस्टर मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भारतीय मानक ब्यूरो क्लब के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में पोस्टर तथा स्लोगन के



माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया कक्षा 10 की छात्रा दीपिका प्रथम कक्षा 12 की छात्रा लिपि चौहान द्वितीय तथा कक्षा 10 की छात्रा फसीहा तृतीय स्थान पर रही।

प्रधानाचार्य मदन सिंह ने स्थान प्राप्त करने वाली तीनों छात्राओं को क्रमशः 1000, 750 तथा 500 रूपये की पुरस्कार राशि प्रदान की, क्लब के अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए। संचालन क्लब प्रभारी तेजपाल सिंह त्यागी ने किया तथा प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिक्षक गौरव कुमार विवेक कुमार राठी तथा नवनीत सिंह ने सहयोग किया।

# शिवसेना ने मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिवसेना ने मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती संपूर्ण पश्चिम उत्तर प्रदेश में आयोजित हुए सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर हिंदू मानस एवं हिंदू समाज के प्रेरणा स्रोत थे हमारे शिवाजी महाराज: गुड्डू सैनी प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा के दिशा निर्देशानुसार शिवसेना कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर एकत्रित हुए छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर जिला प्रमुख गुड्डू सैनी एवं महानगर प्रमुख मनोज कुमार सहित जिला कार्यकारिणी एवं महानगर कार्यकारिणी के पदाधिकारी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा माल्यार्पण पर किया एवं उनके आदर्श एवं चरित्र पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने बताया कि 15 साल की उम्र में मुगलों खिलाफ फतह करने वाले शिवाजी महाराज छत्रपति की उपाधि मिली थी जब शिवाजी महाराज सिर्फ 15 साल के थे तब वह पुणे में स्थित तोरणा किले की लड़ाई में अपने युद्ध कौशल के दम पर उन्होंने इसमें बाजी मारी थी इस युद्ध से इतिहास में उन्हें जाना जाता है इसके बाद तो हिंदू साम्राज्य की स्थापना के लिए उनका सारा जीवन मुगलों से युद्ध करने में ही बीतने लगा। इस कार्यक्रम में प्रकाश डालते हुए महानगर प्रमुख मनोज कुमार ने बताया कि हिंदू साम्राज्य की नींव डालने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज को भला कौन नहीं जानता छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म महाराष्ट्र के पूरे स्थित शिवनेरी दुर्ग में 19 फरवरी 1630 को हुआ था छोटी सी उम्र में ही चुनौतियों का सामना करना शुरू कर दिया था उन्होंने अपना पूरा जीवन ही धर्म की रक्षा में झोंक दिया। कार्यक्रम में उपस्थित भवानी सेना की जिलाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिरोही ने अपने विचार रखें वह कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को संबोधित करते हुए बताया कि शिवा. जी महाराज का पूरा नाम छत्रपति राजे भोसले था उनके पिता शाह जी भोसले और माता जीजाबाई थी शिवा. जी पर मां जीजाबाई के धार्मिक गुणों का गहरा प्रभाव था शिवाजी महाराज की शिक्षा शुरुआत में घर पर हुई थी उनको धार्मिक एवं राजनीतिक और युद्ध कौशल की शिक्षा दी गई साथ ही मां जीजाबाई और कोंडदेव ने शिवा. जी को रामायण एवं महाभारत सहित दूसरे अन्य प्राचीन ग्रंथो का ज्ञान दिया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोद कुमार सिरोही जिला वरिष्ठ उप प्रमुख, राकेश कुमार प्रजापति महानगर प्रमुख युवा सेना, ठाकुरदास सैनी, तिलक सैनी, प्रमोद सागर, ओमप्रकाश सैनी, विमल कुमार, रामप्रसाद प्रजापति, मनीष अग्रवाल, एडवोकेट चंद्रमणि ठाकुर, जीत सहगल कपिल देव ठाकुरदास सैनी मनीष प्रजापति सहित आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।



## चोरी के इन्वर्टर के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बनियाठेर पुलिस द्वारा चोरी किये गये इन्वर्टर के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

बता दें कि 25 जनवरी 2025 को डायनामिक पब्लिक स्कूल देवरखेड़ा थाना बनियाठेर की संचा. लिका रीना देवी पतनी संजीव कुमार द्वारा थाना में तहरीर देकर बताया गया कि अज्ञात अभियुक्त द्वारा उसके स्कूल से इन्वर्टर व बैट्रा चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा मु०अ०सं० 23/2025 धारा 303( 2 ) बीएनएस पंजीकृत किया गया। बुधवार को बनियाठेर पुलिस द्वारा उपरोक्त चोरी के सम्बन्धित अभियुक्त अर्जुन पुत्र सुरेन्द्र नि० ग्राम देवरखेड़ा थाना बनियाठेर जनपद संभल को चोरी किये गये इन्वर्टर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को उ०नि० रमनपाल सिंह, का० अनन्तपाल सिंह, हो०गा० खुशीराम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# अच्छे-बुरे कर्मों का लेखा जोखा यहीं चुकाकर जाओगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कलयुग में अपने अच्छे-बुरे कर्मों का फल व्यक्ति को जीवन में ही भोगना पड़ता है। जैसा बीज बोओगे, वैसा काटोगे। कहीं ऐसा नहीं हैं कि इस जन्म में पाप या पुण्य करोगे तो उसका सकारात्मक या नकरात्मक परिणाम इसी जन्म में भोगना पड़ेगा। वेदों में साफ लिखा है कि जब यहां ज्ञानी रावण ने जगदंबा जननी सीता माता पर कुदृष्टि डाली तो पूरे परिवार का नाश हो गया। रावण विद्वान था, वेदों का ज्ञाता था पर जो ताकतवर होने के बावजूद धनुष यज्ञ में धनुष नहीं उठा पाया जबकि उस धनुष को माता सीता ने अपने हाथों से उठाकर रख दिया। फिर क्या हुआ, पुरुषोत्तम राम ने ऐसी लीला रची कि ताकतवर होने के बावजूद परिवार के सभी लोगों मृत्यु शैया पर सुला कर स्वयं बाद में गया रावण ने जो भी अपराध किये उनको अपनी आंखों के सामने मृत्यु से पहले अपने बेटा मेघनाद, भाई कुम्भकरण आदि महान बलशाली लोग अधर्म के कारण मृत्यु शैया पर विराजमान हो गये। कहने का आशय है कि कोई व्यक्ति पाप करते-करते जब उसका खाता पूर्ण हो जाता है फिर अकाउंट डिस्क्लोज होता है। यहीं हाल बड़ी-बड़ी शिक्षण संस्थानों में चल रहे धन बटोरने की लालसा का है। जब भ्रष्टाचार का पैसा गले में उतरता है तो मादकता आ ही जाती है। एक बड़े शिक्षण संस्थान जिसने यूनिवर्सिटी का पहला खिताब पाया देश के लिए राज्यपाल, आईएएस, आईपीएस जैसे अधिकारियों को अपनी ज्ञानशिला से महत्वपूर्ण पदों पर बैठाकर देश की सेवा करने का काम किया, उस संस्था में शारीरिक शोषण, मानसिक शोषण से मन व्यथित हो उठा, क्या शीर्ष पद पर बैठा व्यक्ति इस हद तक उतर सकता है, सरकार इनउ च्च पदों पर बैठे लोगों को दो लाख से ऊपर वेतन देकर देश में श्रेष्ठ योग्यवान विद्यार्थियों को बनाने के लिए कुर्सी पर बैठाती है पर उच्चासीन पद को रासलीला समझे। किसी की कमजोरी अपने अधिकारों का हनन दुरुपयोग किया जाना न छात्र हित में है और न ही कॉलेज के हित में। हर नारी अबला नही होती, कभी वह दुर्गा का रुप ले सकती है।

## स्वयं सेविकाओं ने कुष्ठ रोग के प्रति किया जनमानस को जागरूक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष दिवा शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं लक्ष्य गीत गाकर कुष्ठ रोग पर पोस्टर बनाये। जिसमें खुशी वर्मा प्रथम व इरम सैफी द्वितीय स्थान पर रहीं। कुष्ठ रोग के



बारे में स्वयं सेविकाओं ने बस्ती में जाकर भी जन सामान्य को जागरूक किया द्वितीय सत्र में श्नागरिक सुरक्षा संगठनश मुरादाबाद से पोस्ट वार्डन डॉक्टर पूनम बंसल, ए डी सी सतीश कुमार जी व स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद ने स्वयं सेविकाओं को नागरिक सुरक्षा संगठन के विषय में जानकारी प्रदान की। पोस्ट वार्डन एम डी ए पोस्ट डॉ पूनम बंसल द्वारा नागरिक सुरक्षा संगठन की स्थापना और उद्देश्य के विषय में बताया गया उन्होंने स्वयं सेविकाओं से आह्वान किया यदि वह चाहे तो वह भी संगठन से जुड़ सकती हैं। एडीसी सतीश कुमार द्वारा विभिन्न प्रकार के फायर एकसटिंगुवशर व उनके उपयोग विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हमारा संगठन भूकंप ,सुनामी जैसे आपातकाल में काम करता है। संगठन का कार्य किसी भी आपदा में होने वाली जान- माल की हानि को कम करना है तथा आम जनता के मनोबल को सामान्य बनाए रखना है। आग एक रासायनिक प्रक्रिया है जिसमें ईंधन, तापमान व ऑक्सीजन यानी हवा की महत्वपूर्ण भूमिका है इसके साथ ही उन्होंने आग लगने के तीन कारण -अज्ञानता, लापरवाही और जान बूझकर किसी का नुकसान करना भी बताए।

# कैथल-शमसोई मार्ग का दोहरीकरण शुरू

**चन्दौसी।** नगर चन्दौसी से कैथल बाजार से शमसोई जाने वाले रास्ते का दोहरीकरण शुरु हो गया है। लगातार बुल्डोजर व डंपरों की सहायता से सड़क के दोनों ओर खोदकर सड़का का चौड़ीकरण किया जारहा है। वहीं शमसोई गांव से हाईवे गुजरा है। यह चौड़ी सड़क शमसोई होते हुए हाईवे जोड़ने का कार्य करेगी। इधर कैथल से शमसोई जाने के लिये इकलौता मार्ग था। अब सड़क का दोहरीकरण कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। रास्ते की सभी पुलियों की चौढ़ाई बढ़ा दी गयी है। खुदाई कर पत्थर डालने का कार्य कैथल से आगे तक आ गया है। सड़क चौड़ी होने पर जहां आवागमन में लाभ होगा। वहीं कैथल, एतोल, सैदपुर आदि गांव जो इस सड़क से लगे हुए हैं उन्हें काफी लाभ होगा।



# पीडीए की लहर में नफरत की राजनीति बह जाएगी: इकबाल अंसारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी द्वारा महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में रानी नागर देहात विधानसभा 27 में नवाब अली प्रधान संघ अध्यक्ष विकासखंड भगतपुर टाण्डा समाजवादी पार्टी के तरफ से पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने कहा पीडीए मिशन जन सैलाब की तरह पूरे उत्तर प्रदेश में नजर आ रहा है इस बार यह मोहब्बत का सैलाब नफरत की राजनीति धर्म जात-पात की राजनीति करने वालों के सिंहा. सन को बहा कर ले जाएगा। आज जनता बेरोजगारी से महंगाई से जूझ रही है जनता ने अभी से समाजवादी सरकार लाने का मन बना लिया है। साथ ही प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे पूर्ण सांसद डॉक्टर एसटी हसन ने कहा आज हर समाज को एक होकर हिंदुस्तान से सां. प्रदायिक ताकतों को हराना है पूरे देश को आज जनता के बलिदान की जरूरत है। अगर हमने इस नफरत की राजनीति को खत नहीं किया तो आने वाली नस्लें हमें माफ नहीं करेंगे प्रोग्राम के आयोजक नवाब अली प्रधान ने कहा हम पीडीए मिशन पर जी जान से कम कर रहे हैं और हमें जनता का प्यार और सहयोग मिल रहा है हमने जनता के बीच रहकर यह महसूस किया है की जनता आने वाले चुनाव में समा. जवादी पार्टी की सरकार लाने के लिए मन बना चुकी है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान को बचाने के लिए पीडीए का सूत्र अपनाया है हमारा दायित्व बनता है कि हम संविधान को बचाएं प्रदेश में पिछड़े दलित और अल्पसंख्यको के हितों की रक्षा के लिए जन-जन के बीच जाकर जागरूक करेंगे और संविधान विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। संचालन लालू परवेज पूर्व जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी कार्यक्रम में मौजूद रहे। तमकीन ,साकिर हुसैन ,तबारक अली ,मोहम्मद अली ,रफीक, मौलाना राहुल वाल्मीकि, कमल, कपिल शर्मा ,फारूक, व अन्य लोग उपास्थित रहे।






## परिंदों की सुनोगे तो वो अपनी कहेंगे: मंसूर आलम

**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** बरिष्ठ समाज सेवी पक्षी प्रेमी मंसूर आलम का कहना है, यदि आप परिंदों से मुहब्बत करोगे तो वह आपकी एक आवाज में हाजिर हो जायेंगे आपके आने का इंतजार करेंगें और वो आपकी राह भी ताकेंगें। उनका कहना है, में पक्षियों से बहुत प्रेम करता हूँ। मैटल मास्टर्स फर्म में बड़ी संख्या में परिंदें आते हैं। प्रत्येक दिन परिंदों को खाना और पानी दिया जाता है। यह खाना और पानी मे अपने हाथों से देता हूं। यही वजह है मेरे आने के बाद बड़ी संख्या में परिंदे जमा हो जाते हैं। हाल ही में मैं अनुभव किया जब मैं अमेरिका गया था तो पक्षी भी मेरे न होने की आहट समझ चुके थे। वह कई दिन तक फर्म में नहीं आए। जैसे ही में बापस लौटा तो परिंदों की रौनक भी लौट आई। मेरे इर्द-गिर्द परिंदे दिखाई देने लगे। उन्होंने कहा कि सभी को पक्षियों से प्रेम करना चाहिए।



## लड़की को बहला फुसलाकर कर ले जाने के आरोप में महिला सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने महिला सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है थाना क्षेत्र के नगर निवासी महिला का आरोप है कि पास का ही युवक अपने परिजनों की मदद से उनकी लड़की को बहला फुसला कर ले गया पीड़िता थाने पहुंची लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई इसके बाद उसने डीआईजी का दरवाजा खटखटाया डीआईजी के आदेश से पुलिस ने महिला सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मझावली से नेहटा रोड का पेचिंग कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राजघाट नरौरा से आने वाले शिव भक्तों को जर्जर एवं टूटी सड़कों पर न चलना पड़े, इसकी व्यवस्था पीडब्ल्यूडी एवं नगरपालिका द्वारा किया जा रहा है। यहां बताते चलें कि हजारों की संख्या में शिव भक्त कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य पर रवाना होंगे। बबराला से चन्दौसी दिशा की ओर आने वाले कावंडिघ्या मझावली मिल के उपरांत नेहटा पतरौआ होते हुए चन्दौसी पहुंचेगे। नेहटा मार्ग काफी स्थानों पर जर्जर हो गया है जिसके चलते चन्दौसी, मंझावली नेहटा मार्ग को दुरस्त करने का कार्य शुरु कर दिया गया है। गड्डे वाले स्थानों पर पत्थर डालकर चारकोल से पें. चंग की जा रही है। महाशिव रात्रि तक शिवभक्तों के लिए मार्ग तैयार हो जायेंगे।

# फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** देहली पब्लिक ग्लोबल स्कूल के मैदान पर अस्मिता खेलो इंडिया व भारतीय खेल प्रधिकारण के प्रयोजन से उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ व जिला फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान मे आयोजित -15 खेलो इंडिया विमेंस फुटबॉल लीग 2024-25 का प्राइज डिस्ट्रीब्यूशान किया गया जिसमे इस पुरे आयोजन मे सर्वाधिक अंक पाने वाली टीम को विजयता तथा दूसरे स्थान पर अंक लाने वाली टीम को उपविजयता घोषित किया गया।

सर्वाधिक अंक पाने वाली टीम मॉडर्न पब्लिक स्कूल रहा जिसने 17 अंक प्राप्त कर विजयता बनने का गौरव प्राप्त किया, वहीँ दूसरे स्थान पर 16 अंक प्राप्त करने वाली टीम रहीं, दोनों ही टीमों को खेलो इंडिया कि और से सीधे खिलाडियों के खाते मे 50,000 कि राशि दे जायेगी उपविजयता टीम को 30,000 खिलाडियों के खाते मे जायेंगे, दोनों टीमों को प्रीतिक चिन्ह चेक के रूप मे दिए गये, तथा दोनों टीम के खिलाडियों को प्रीतिक चिन्ह व ट्रॉफी प्रदान कि गई, तथा सभी 6 टीमों के एक एक खिलाडी को उत्कृष्ट खिलाडी के लिए प्रीतिक चिन्ह प्रदान किया गया, व पूरी प्रीतियोगिता मे सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाडी को मेथोडिस्ट कि ऐश्वरया को गोल्डन बूट से सम्मानित किया गया तथा प्रीतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की आलिया सुल्ताना को गोल्डन बॉल देकर सम्मानित किया गया, तथा इस प्रीतियोगिता को सफल बनाने मे निष्पक्षता से मैच खिलाने कर सभी का मन मोहने वाले रेफरी माधुरी देवी, निशिता, इरम खान, रेनू काम्बोज, राज. कुमारी, विनीता को भी रेफरी किट देकर सम्मानित किया गया व सभी प्रीतिभागी टीमों के प्रिंसिपल को प्रीतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर DPGS की प्रिंसिपल मुनिरा सिद्दीकी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप मे उपस्थित रहीं, च्छठ के कोहिनूर तिराहा ब्रांच मैनेजर श्री शांतनु नंदी अति विशिष्ट, विशिष्ट अतिथि डच्चै के प्रिंसिपल श्री शकील अहमद रहे, इस अवसर पर क्व्ळै के डाइरेक्टर विंग कामण्डर मंसूर सिद्दी,जिला फुटबॉल एसोसिएशन के वेरिष्ठ उपाध्यक्ष उस्मान खान, सहायक सचिव आमिर मिर्जा, संभल के जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सय्यद मुहम्मद शारिक व जिला फुटबॉल एसोसिएशन अमरोहा के उपाध्यक्ष महताब आलम, फहीम अहमद, मुहम्मद शुएब, मेथोडिस्ट की स्पोर्ट्स टीचर श्रीमती कलेरिस सिंह, सर सय्यद की डाइरेक्टर श्रीमती आबिदा, व अध्यक्ष श्री आबिद एडवोकेट आदि उपस्थित रहे, सभी अतिथियों का आभार जिला फुटबॉल एसोसिएशन की महिला विंग की सचिव माधुरी देवी ने किया, संचालन एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी मुहम्मद नासिर कमाल ने किया।



## विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** दहेज लोभी बाज नहीं आ रहे हैं। कड़े कानून के बाद लोग सुधरने को तैयार नहीं हैं। पहले तो किसी तरह शादी हो जाए और लड़के का घर बस जाए। अब जब घर बस गया तो कुछ अंतराल के उपरांत दहेज मांगना शुरु कर देते हैं। नहीं मिलने पर विवाहिता को मानसिक एवं शारीरिक रुप से परेशान करते हैं। अहलादपुर देवा नगला थाना बिलारी की रहने वाली महिला के अुनसार उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व अनिल पुत्र रामेश्वर से हुई थी। बेटा भी पैदा हुआ, उसके उपरांत जेठ जेठानी व सास दहेज को प्रताडिघ्त करने लगे। एक-दो बार विवाहिता ने मायके से कुछ रुपया भी लाकर दिया परंतु दहेज लोभी पांच लाख रु० की मांग करने लगे जिसको लाने के लिए विवाहिता ने असमर्थता प्रकट की जिस पर उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौंच की।

# कन्या विवाह में किया सहयोग

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चन्दौसी द्वारा एक कन्या के विवाह में सहयोग प्रदान किया गया। ग्रुप द्वारा कन्या को दैनिक उपयोग की वस्तुओं सहित खाद्य सामग्री व नकद धनराशि भी प्रदान की गई। जिसमें शिखा शर्मा, शोभा शर्मा, शिवानी शर्मा, मोना शर्मा, नीतू रस्तोगी, स्वाति शर्मा, प्रतीक्षा शर्मा, नूतन, सुप्रीति, सीमा अग्रवाल, शालिनी, सुमन सैनी आदि का सहयोग रहा।



# सम्पादकीय

गुरुवार, 20 फरवरी 2025

## सीईओ बनाम सीजेआई

केंद्र सरकार और विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकसी के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। हालांकि नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा.विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि सरकार दिसम्बर 2023 के अपने उस कानून द्वारा तय प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ी है, जो अभी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का सामना कर रहा है। पिछले हफ्ते, शीर्ष अदालत ने सुनवाई 19 फरवरी तक टालते हुए टिप्पणी की थी कि अगर इस अंतराल में कुछ घटित होता है, तो वह अधिनियम की वैधता पर बाद में आने वाले निर्णय के परिणामों का सामना करेगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अनुरोध की अनदेखी करते हुए, पैनल ने ज्ञानेश कुमार को बतौर सीईसी पदोन्नत किया और विवेक जोशी को तीसरे सदस्य के रूप में शामिल किया। सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद यह कदम उठाया गया। सवाल है कि क्या 2023 का अधिनियम साल 2022 के संविधान पीठ के उस निर्णय के खिलाफ जाता है, जिसने भारत के चुनाव आयोग का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक कमेटी बनायी थी, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। हालांकि, अधिनियम कमेटी में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करता है। सरकार की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट का पैनल संविधान की जरूरत के मुताबिक संसद द्वारा अपना कानून बनाए जाने तक केवल एक तदर्थ उपाय था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2022 के फैसले का सार यह है कि नियुक्ति प्रक्रिया को कार्यपालिकीय दखलअंदाजी से बेअसर रहना चाहिए, ताकि उसका कामकाज सही मायनों में स्वतंत्र रहे। क्या सीजेआई को चयन कमेटी का हिस्सा होना चाहिए, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं कि कार्यपालिका में निहित 2-1 का बहुमत किसी भी चयन को आसानी से इस आलोचना की जद में ले आता है कि इस ढंग से चुने गए लोगों को स्वतंत्र नहीं समझा जाएगा। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार अदालती सुनवाई चलने के दरम्यान नियुक्तियां करती रही है। सुप्रीम कोर्ट समय रहते दखल देने से इन्कार करता रहा है, जिससे ऐसी नियुक्तियां एक संपन्न-हो-चुका कार्य बन रही हैं। सरकार ने साल 2022 में, संविधान पीठ की सुनवाई के दरम्यान, अरुण गोयल को बतौर चुनाव आयुक्त (ईसी) नियुक्त किया था। और, आम चुनाव से पहले मार्च 2024 में, उसने दो ईसी नियुक्त किए थे, इस्तीफा देने वाले गोयल और सेवानिवृत्त हुए एक अन्य ईसी की जगह लेने के लिए। शायद ही कोई इससे असहमत होगा कि एक निर्भीक और पूर्ण स्वतंत्र संस्था के रूप में ईसीआई को लेकर लोक धारणा में गिरावट आती जा रही है, अगर चाहते हैं कि चुनावों को केवल विजेताओं के समर्थक नहीं, बल्कि समस्त मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष मानें, तो सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में अब और देर नहीं करनी चाहिए। उसे इस सवाल पर निर्णय देना होगा कि क्या उपरोक्त कानून द्वारा तय प्रक्रिया ईसीआई के सदस्यों के लिए संविधान पीठ के फैसले में परिकल्पित स्वतंत्रता का स्तर सुनिश्चित करने में विफल है।

## ट्रम्प का फरमान जीएसटी के लिए भी चुनौती



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति देश की संप्रभुता के लिए खतनाक है, यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गई है, इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए, डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंताजनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है, कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था, कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है, अब राष्ट्रपति ट्रम्प जीएसटी के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा कर रहे हैं।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी

प्रियंका सौरभ



इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएं हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाजत दे सकता है।

यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी खतरा पहुंचाएगी। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास।

संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएं अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किए। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। 'विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना' या 'विधेयक पर बात न करना' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुंचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, 'सत्ता भ्रष्ट करती है' और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित 'परोपकारी' राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यत: एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदाई ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चर्चाओं में पुराने जमाने के दोषारा. पण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

> **लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है, अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार व विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है**

विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएं फलदाई बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नक. ाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है, अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

# एवोकाडो को डाइट में करें शामिल कम होगा हार्ट डिजीज का खतरा

एवोकाडो को एक सुपरफूड माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रखते हैं, तो यह आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन दिल के लिए एवोकाडो काफी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में गुड फैट और पोटेशियम से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने में सहायता करता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन ई जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं। जिससे यह सूजन से लड़ने और दिल को नुकसान से बचाने में सहायता करता है। आमतौर पर हम सभी एवोकाडो को स्प्रेड के रूप में टोस्ट पर लगाना पसंद करते हैं।

हालांकि इसको अन्य तरीकों से भी खाया जा सकता है। आप इसको सलाद या फिर स्मूदी के तौर पर भी खा सकते हैं। यह दिल का ख्याल रखने का अच्छा तरीका है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एवोकाडो आपकी हार्ट हेल्थ का ख्याल किस तरह रखते हैं।

### कम होगा बैड कॉलेस्ट्रॉल...

हार्ट से जुड़ी कई बीमारियों की जड़ शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल होता है। अगर आप इसको नेचुरली तरीके से कम करना चाहते हैं, तो आपको एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाने में सहायता करते हैं। एवोकाडो खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम किया जा सकता है। इससे हार्ट डिजीज का रिस्क भी काफी कम होता है।

### पोटेशियम से भरपूर...

हार्ट हेल्थ के लिए एवोकाडो को इसलिए भी फायदेमंद माना गया है, क्योंकि इसमें पोटेशियम का भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हालांकि इस बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है कि केले से ज्यादा पोटेशियम एवोकाडो में पाया जाता है। आपके शरीर से सोडियम के लेवल को बैलेंस करता है और जिससे ब्लड वेसल्स पर दबाव कम होता है। इससे हार्ट हेल्थ को भी फायदा मिलता है।

### फाइबर से भरपूर...

**हेल्थ टिप्स**

बता दें कि एवोकाडो में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर सिर्फ आपके पाचन तंत्र का ख्याल नहीं रखता है, बल्कि यह हार्ट हेल्थ भी काफी अच्छा माना जाता है। एक एवोकाडो में सिर्फ 10 ग्राम फाइबर पाया जाता है। जिससे ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल मैनेज होता है।

### ब्लड फ्लो होगा बेहतर...

अगर आप एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, तो इससे शरीर में ब्लड फ्लो पर बेहतर असर पड़ता है। दरअसल, एवोकाडो में हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को अधिाक फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही ब्लॉकेज के रिस्क को भी कम करते हैं और यह हार्ट हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।



# बढ़ते तापमान से अदृश्य स्वास्थ्य संकट



**स्रोत फीसर्च**

2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ, जिसमें वैश्विक तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर चुका है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को अनदेखा करना मुश्किल हो गया है। इसमें लू लगने से मृत्यु जैसे तुरंत दिखने वाले प्रभावों का तो पता चल जाता है लेकिन दीर्घकालिक संचयी नुकसान पर कम ही ध्यान दिया जाता है। जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव को देखते हुए इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

लंबे समय तक ग्रीष्म लहर और सूखे के प्रभाव से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बार-बार डीहाइड्रेशन (निर्जलन) और इलेक्ट्रोलाइट असंत. ुलन से किडनी की जीर्ण बीमारियां हो सकती है। लगातार गर्म रातों के कारण नींद की कमी से मान. सिक क्षमता घटती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजा. ेर होती है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यह खतरा गर्भ में पल रहे बच्चों को भी हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान ग्रीष्म लहर जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकती हैं और लंबे समय के उनके स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं। देखा जाए तो, जलवायु परिवर्तन के दबाव जीन अभिव्यक्ति तक को प्रभावित कर सकते हैं। शोध बताते हैं कि जो बच्चे गर्भ में गर्म और शुष्क परिस्थितियों के संपर्क में आते हैं, उनमें वयस्क होने पर उच्च रक्तचाप की संभावना अधिक होती है। कुल मिलाकर, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव गहरे और दूरगामी हो सकते हैं।

इन खतरों के बावजूद, वर्तमान जलवायु आकलन स्वास्थ्य पर पूरे प्रभाव को सही ढंग से मापने में असफल रहे हैं। वास्तव में वर्षों में विकसित होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को मापना मुश्किल होता है। असंगत स्वास्थ्य डैटा के कारण लंबे समय तक स्वास्थ्य जोखिमों को ट्रैक करना काफी जटिल कार्य है। उदाहरण के लिए, हम यह तो समझते हैं कि गर्मी शरीर को कैसे प्रभावित करती है, लेकिन यह अलग-अलग लोगों को दीर्घावधि में किस तरह प्रभावित करती है, इसे ट्रैक करना अब भी एक चुनौती बना हुआ है। इस अंतर को पाटने के लिए, शोधकर्ताओं और जन स्वास्थ्य अधिकारियों को जलवायु प्रभाव से जुड़े अध्ययनों का दायरा बढ़ाना होगा। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों और मौतों का बोझ मौजूदा अंदाजों से कहीं अधिक है। इसलिए, बेहतर स्वास्थ्य डैटा और दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करना बेहद जरूरी है।

# महाकुंभ: आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी



निर्मल रानी



भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिए सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहां गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहां लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ' है। हालांकि इस दावे पर उंगलियां उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुए सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहां श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत, विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, आधुनिकता, उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिए आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किए ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसम्बर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुए कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टीवी, समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माधयमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गए थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां, बसें, विमान आदि भी चलाए गए। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकट्ठा होना तो स्वभाविक था ही। परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आए? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहां तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहां भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गई।


> **इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है**




# योगी-अखिलेश आमने-सामने



गुरुवार, 20 फरवरी 2025





# महाकुंभ सरकार का नहीं समाज का है आयोजनः योगी

**बुधवार को लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान अपने भाषण में जबरदस्त तरीके से अखिलेश यादव पर निशाना साधा, जबकि अखिलेश यादव भी कहां पीछे रहने वाले थे। अखिलेश ने भी सीएम योगी को आड़ेहाथों लेते हुए खरी-खोटी सुना डाली।**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि हम लोग जब यहां पर चर्चा कर रहे हैं तो करोड़ों लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन किसी सरकार का नहीं है, समाज का है।

सरकार केवल सेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। आयोजन के प्रति तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए पूरी दुनिया ने इसमें सहभागिता दिखाई है। हमारी संवेदना उन लोगों के साथ है जिनकी भगदड़ में जान गई।

समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड में भी विपक्ष ने उपहास उठाया था। ये लोग वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन कहा करते थे।

अब कुंभ का विरोध करना इनकी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था, लेकिन पिछले 8 सालों में यूपी की छवि बदली है। अब यूपी के लोगों को सम्मान मिलता है। 5 हजार साल पहले भी कुंभ का जिक्र मिलता है पुराणों में।

### अगर यह अपराध है तो हम हैं अपराधीः योगी

यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर फ्लोर लैंग्वेज विवाद पर बयान दिया। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है, उसे नहीं हटाया जा रहा है, ना ही किसी भाषा को थोंपा जा रहा है। आप लोग बस उर्दू-उर्दू कर रहे हैं। हमने फ्लोर लैंग्वेज में स्थानीय भाषाओं को ऐड किया है, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वालों को बोलने-समझने में आसानी हो।

### शायरी के साथ किया विपक्ष पर तंज

सीएम योगी ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि ध्यान देना यह उर्दू में नहीं है, यह शायरी हिंदी में है। वैसे भी सपा के संस्कार हैं, हर अच्छी चीज का विरोध करना।

इनका दोहरा चरित्र जग जाहिर है। सीएम ने शायरी पढ़ी-बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं। जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं।

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल की भाषा को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह किसी सभ्य समाज की भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि सपा के नेता अकबर के किले को जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप के महत्व से अनजान थे। यह इनका सामान्य ज्ञान है महाकुंभ और प्रयागराज को लेकर।

भतीजा गया, चच्चू नहीं जा पाए

सीएम ने तंज कसा कि महाकुंभ में भतीजा तो चला गया, नहा आया लेकिन चच्चू फिर नहीं जा पाए, अरे पाण्डेय जी (माता प्रसाद को) आप लेके जाइए चच्चू को, 2013 मे नहीं गए तो क्या हुआ, 2025 में जाइए। सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया।

प्रयागराज काशी अयोध्या ने अतिथि देवो भवः का प्रमाण प्रस्तुत किया, जो लोग इस पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, वो जनता देख रही है,जनता जनार्दन तमाम दुष्प्रचार के बाद मान नहीं रही है।

## योगी सरकार 8 लाख करोड़ रुपये का पेश कर सकती है बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का आम बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार की सुबह विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे पहले इस बजट को अब कैबिनेट में अनुमोदित कराया जाएगा।

जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सुबह उनके आवास पर कैबिनेट की मीटिंग आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार इस बार करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करेगी। केंद्रीय बजट के अनुपात में बात की जाए, तो यह करीब 16 फीसदी होगा।

### यूपी से व्यापारी उद्यमी पलायन कर रहेः अखिलेश

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे हैं। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार की बेईमानी, झूठ और लूट की राजनीति ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है। यहां हर आदमी परेशान है। अखिलेश ने कहा कि राज्यपाल महोदय ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा।

## जो एक-दो देश गए हों, उनका नजरिया कैसे बड़ा हो सकता हैः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दूसरों पर भाषागत प्रहार करके समाज में भेद उत्पन्न करने वालों में अगर क्षमता हो तो यूपी में ऐसे वर्ल्ड क्लास स्कूल विकसित करके दिखाएं कि लोग बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर न भेजें, लेकिन इसके लिए विश्व दृष्टिकोण विकसित करना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि जो आज तक आसपास के एक-दो देश ही गए हों, उनका नजरिया कैसे इतना बड़ा हो सकता है कि वो इतना बड़ा काम कर पाएंगे।

**राज्यपाल के अभिभाषण पर भी जताई आपत्ति**

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने जारी एक बयान में राज्य विधान मंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। सपा मुखिया ने कहा कि यह नीरस और निराशाजनक है।

## जब सपा के षड्यंत्र से तंग आकर संसद में रोए थे योगी

### यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर लगाया था साजिश रचने का आरोप



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाकथ एक बार लोकसभा में यूपी पुलिस की बर्बरता का वर्णन करते हुए रो पड़े थे। प्रखर एवं उग्र हिंदुत्व के पोषक माने जाने वाले आक्रामक बीजेपी नेताओं में गिने जाने वाले योगी आदित्यनाथ लोकसभा में जोर-जोर से रोने लगे थे। वर्ष 2006 में लोकसभा में पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए योगी रोने लगे थे, तब मुलायम सिंह यादव यूपी के सीएम थे।

### वर्ष 2006 का है पूरा मामला

वर्ष 2006 में गोरखपुर से बीजेपी सांसद योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से विशेष अनुमति ली थी।

तब पूर्वांचल के कई कस्बों में सां. प्रदायिक हिंसा फैली थी। जब आदित्यनाथ अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो फूट-फूट कर रोने लगे। कुछ देर तक वे कुछ बोल ही नहीं पाए और जब बोले तो कहा कि उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रही है और उन्हें जान का खतरा है। योगी ने सपा के खिलाफ साजिश करने और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए थे।

## किसको क्या मिल सकता है



- 100 किलोमीटर लंबा यह लिंक एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने की घोषणा।
- प्रयागराज और वाराणसी को मिलाकर बनाया जाएगा धार्मिक क्षेत्र। इसमें सात जिलों को शामिल किया जाएगा।
- बौद्ध सर्किट के विकास को दी जाएगी रफ्तार।
- लखनऊ में मेट्रो रेल का विस्तार करने की है तैयारी। कुल 6 कॉरिडोर का होगा निर्माण।
- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण में युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने के लिए बजट के प्रावधान की है तैयारी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को मिलेगा बड़ा बजट।
- प्राइवेट ट्यूबवैल पर मुफ्त बिजली का वादा किया गया था। बजट में इसको मंजूरी मिल सकती है।
- यूपी में अनस्किल्ड श्रमिकों की संख्या करीब 3 करोड़ से ज्यादा है। इनकी और परिवार की मदद के लिए सरकार की ओर से किसी योजना का ऐलान किया जा सकता है।
- यूपी के दसवीं और इंटरमीडिएट स्कूलों में 5 हजार से ज्यादा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग से करने का फैसला किया जा सकता है। महिलाओं को भी खास योजना का तोहफा मिल सकता है।










स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुस्खा।

फोन न0- 9756686426